शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 91 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 27 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राजकोट-अहमदबाद के बीच दौड़ेगी वंदे मेट्रो : अश्विनी वैष्णव

**राजकोट**
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राजकोट में कहा कि जून-जुलाई के बाद नई वंदे मेट्रो ट्रेन देश भर में शुरू होगी। राजकोट-अहमदाबाद के बीच भी नई वंदे मेट्रो ट्रेन चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकोट के रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने का काम, नई ट्रेन शुरू करने का काम और राजकोट में निर्मित वस्तुओं का रेलवे में इस्तेमाल के संबंध में चर्चा की गई। राजकोट में चैम्बर ऑफ कामर्स की ओर से आयोजित विकसित भारत-2024 संवाद कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्थानीय उद्योगपतियों के साथ बात की। उद्योग और रेलवे से संबंधित सवालों के उन्होंने जवाब दिए। उन्होंने कहा कि राजकोट चैम्बर ऑफ कामर्स एक प्रतिनिधिमंडल लेकर उनके पास आए जिससे राजकोट में निर्मित होने वाली वस्तुओं का रेलवे में किस तरह उपयोग हो सकता है, इस पर व्यापक योजना बनाई जा सके। वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत राजकोट के स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने का काम जारी है। राजकोट स्टेशन की डिजाइन राजकोट के निवासी ही करें, यह तय किया गया है। डेढ महीने के अंदर राजकोट के निवासियों से किस तरह स्टेशन की डिजाइन के संबंध में सुझाव प्राप्त करना है, इस बारे में भी चैम्बर काम करेगा। सेमिकंडक्टर के बारे में भी राजकोट की भूमिका पर मंत्री ने उद्यमियों के साथ चर्चा की। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ट्रैक बनाने का काम भी तेज गति से चल रहा है। शीघ्र ही कई नई ट्रेनों का संचालन देश में शुरू हो सकेगा। वंदे मेट्रो ट्रेन एक नई प्रकार की ट्रेन है, जो कि जून-जुलाई से फैक्ट्री से बाहर निकलेगी।

## एटीएस की कार्रवाई : गुजरात में चुनाव से पहले हथियारों की बड़ी खेप जब्त

**अहमदाबाद**
गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर 25 पिस्तौल समेत 90 कारतूस बरामद किया है। यह सभी हथियार मध्यप्रदेश से संचालित ट्रावेल्स एजेंसी के जरिए गुजरात लाया गया था। गुजरात एटीएस मामले की जांच में और भी हथियार मिलने की आशंका जता रही है।

# दूसरे चरण में 61 प्रतिशत मतदान

## शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत मतदान हुआ

**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है।





केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है।

## क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने यूपी के अमरोहा में वोट डाला

**आउटर** मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज के बाद 5 फेज की वोटिंग 1 जून को खत्म होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। राजस्थान में टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर तेज आंधी के कारण शाम को बूथ संख्या 128 पर लाइट चली गई। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर यहां टॉर्च की रोशनी में मतदान करवाया गया। क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने यूपी के अमरोहा में वोट डाला। उन्होंने कहा-मतदान करना आपका हक है, आपको आपकी पंसद की सरकार चुनने का हक है।





## मणिपुर में लोकतंत्र को हाईजैक किया गया: जयराम रमेश



**18वीं** लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज में शुक्रवार 26 अप्रैल को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 77.93% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था। वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोकी। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व उट और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हुई।

## एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है तो भारत में काम बंद कर देंगे: व्हाट्सएप

**नई दिल्ली**
केंद्र सरकार के नए आईटी रूल्स को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मैसेजिंग प्लेटफार्म व्हाट्सएप ने कहा है कि अगर उसे एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है तो वह भारत में अपना काम बंद कर यहां से चला जाएगा। व्हाट्सएप चलाने वाली कंपनी मेटा ने दिल्ली हाई कोर्ट में हलफनामा के जरिये ने बातें कही है। व्हाट्सएप की ओर से कहा गया है कि निजता की सुरक्षा की वजह से ही लोग उसका इस्तेमाल करते हैं। उसके यूजर्स ये जानते हैं कि व्हाट्सएप पर भेजे जाने वाले मैसेज एंड-टू-एंड एंक्रिप्टेड होते हैं। दरअसल, मेटा ने केंद्र सरकार के नए आईटी रूल्स को चुनौती दी है। नए आईटी रूल्स में कहा गया है कि सोशल मीडिया मैसेजिंग कंपनियों के लिए चैट का पता लगाने और मैसेज को सबसे पहले क्रिएट करने वाले शख्स का पता लगाने के लिए प्रावधान करना जरूरी है। आईटी रूल्स में प्रावधान किया गया है कि सोशल मीडिया कंपनियां ऐसे प्रयास करेंगी कि यूजर्स प्रतिबंधित कंटेंट को न तो क्रिएट करें और न ही अपलोड कर पाएं।




## प्रधानमंत्री के रोड शो में मोदी-मोदी के नारों से गूंजा बरेली

**बरेली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को जब नगर की सड़कों पर रोड शो के लिए उतरे तो उनकी एक झलक पाने को लोग बेताब दिखे। पीएम मोदी के अपनी गाड़ी पर सवार होकर निकलते ही लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री कुछ बोले तो नहीं लेकिन इशारों-इशारों में ही जनता को भाजपा को वोट देने की अपील कर गए। उनके हाथ में एक टॉर्च नुमा कमल का फूल था। जनता की ओर मुखातिब मोदी उसी कमल फूल (चुनाव चिन्ह) को हिलाते रहे। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कमल लिए हुए थे। प्रधानमंत्री की गाड़ी पर सवार भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार एवं साथ में पूर्व सांसद संतोष गंगवार भी मौजूद रहे। कई बार ऐसा मौका आया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों हाथ जोड़कर लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान लोगों ने फूल बरसा कर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम था। बरेलीवासी अपने मोबाइल में प्रधानमंत्री की तस्वीरें कैद कर रहे थे। बता दें कि रोड शो राजेंद्र नगर से शुरू हुआ था। रोड शो में भगवा रथ पर पीएम मोदी के साथ सीएम योगी और भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार भी मौजूद रहे। एसपीजी कमांडों भी व्यवस्था संभालते नजर आए।



## न्याय की निष्पक्षता एवं कानूनी प्रणाली को खतरे में डाल रही यूपी की पुलिसिया जांच: हाईकोर्ट



**प्रयागराज**
इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपराधों की जांच करने वाली पुलिस की जांच प्रक्रिया सहित उसके द्वारा दाखिल किए जा रहे आरोप पत्रों पर गम्भीर टिप्पणी की है। कहा है कि पुलिसिया जांच न्यायिक निष्पक्षता और कानूनी प्रणाली को खतरे में खड़ा कर रही है। कोर्ट ने ऐसे मामलों में पुलिस महानिदेशक से हस्तक्षेप करने की जरूरत बताई और कहा कि तुरंत उचित दिशा निर्देश जारी कर जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने आगरा के शाहगंज थाने में हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर जमानत की मांग कर रहे याची भूदेव और फरूर्खाबाद के शमशाबाद थाने में दर्ज प्राथमिकी की याचिका पर जमानत की मांग कर रहे सूरज सिंह की जमानत अर्जी पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। दरअसल मामले में प्राथमिकी आईपीसी की धारा 302 के तहत दर्ज हुई थी लेकिन जांच अधिकारी ने 302 को परिवर्तित करते हुए उसे 306 में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। कोर्ट ने कहा कि दोनों ही मामले में जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों से यह नहीं पता चल रहा है कि मृतक ने खुद जहर खाया था या उसे आरोपी व्यक्तियों द्वारा दिया गया था। आजकल यह देखा जा रहा है कि जांच अधिकारियों की ओर से साक्ष्य संग्रह में पुलिस जरूरी साक्ष्य जुटाए बगैर ही आरोप पत्र दाखिल कर रही है। पुलिस की यह प्रवृति न्यायालयों को परेशान करने वाली है। कोर्ट ने इसे निंदनीय बताया और कहा कि यह प्रथा न केवल कानूनी प्रक्रिया की पवित्रता को कमजोर करती है बल्कि न्याय और निष्पक्षता के उन मूलभूत सिद्धांतों को भी खतरे में डालती है जिन पर हमारी कानूनी प्रणाली कायम है।

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। मनीष सिसोदिया ने इस मामले में दूसरी जमानत याचिका दायर कर रखी है, जिस पर कोर्ट 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। मनीष सिसोदिया ने ट्रायल में देरी को आधार बनाते हुए जमानत देने की मांग की है। मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका में ट्रायल में देरी को आधार बनाया जा रहा है, जबकि देरी आरोपितों की ओर से की जा रही है। सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि ट्रायल कछुआ गति से चल रही है, जबकि सुप्रीम कोर्ट जमानत याचिका पर अपने फैसले में जल्द ट्रायल करने को कह चुका है। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।



## चारधाम यात्रा की परखी तैयारी

**देहरादून**
जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर चारधाम यात्रा की तैयारियां परखी। जनपद स्तर पर चारधाम यात्रा की समुचित व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत धर्मशाला, होटल आदि में कक्ष की उपलब्धता के साथ भोजनालयों में रेट लिस्ट चस्पा रहे। स्थाई-अस्थाई पार्किंग चिन्हित कर ली जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात व्यवस्था सुचारू रखें। श्यामपुर फाटक एवं आईएसबीटी ऋषिकेश में बोटलनेक का सुधार किए जाने को कहा। उन्होंने नगर निगम ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप सहित अन्य स्थलों पर मोबाइल टायलेट के साथ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को ट्रांजिट कैंप पर एम्बुलेंस तैनात रखने, जल संस्थान स्टैंड पोस्ट स्थापित करने के साथ स्थान चिन्हित कर पेयजल के लिए टैंकर लगाने के निर्देश दिए।

# नोटा को मिले सबसे ज्यादा वोट तो दोबारा होंगे इलेक्शन?

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने** वोटिंग के बाद ईवीएम का हर वीवीपैट की पर्ची से मिलान की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। इसी के साथ कोर्ट में आज चुनाव से संबंधित एक ओर याचिका दायर हुई है, जिसपर चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर दिया है।

**नोटा को ज्यादा वोट मिलने पर रद्द हो चुनाव**

सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में एक ऐसा नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है कि जिसमें यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को रद्द घोषित किया जाए और निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाए।



**उम्मीदवारों पर लगे बैन**

याचिका में यह भी कहा गया कि इसमें यह भी नियम बनाया जाए की नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को 5 साल की अवधि के लिए सभी चुनाव लड़ने से रोक दिया जाए और नोटा को "काल्पनिक उम्मीदवार" के रूप में माना जाएगा।

सूरत लोकसभा सीट के नतीजे का जिक्र जनहित याचिका मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा ने डाली थी। शिव खेड़ा की ओर से पेश वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि यह इस मामले पर विचार करना जरूरी है। उन्होंने गुजरात के सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा नेता की निर्विरोध जीत का भी जिक्र किया और कहा कि वहां वो रेस में अकेले थे, इसलिए वो जीत गए।

उन्होंने कहा कि वहां कोई उम्मीदवार ही नहीं बचा था, इसलिए नोटा को भी एक उम्मीदवार घोषित किया जाना चाहिए। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ याचिकाकर्ता शिव खेड़ा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार करने के लिए सहमत हुई।

# साथियों के साथ घर से निकले युवक की चाकू से गोदकर की गई हत्या

**गुरुवार की बीती देर रात्रि को हुई वारदात, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में बीती गुरुवार की देर रात्रि को मिश्रपुर गांव से कुछ साथियों के साथ निमंत्रण करने घर से निकला था। युवक की चाकू से गोद कर की गई हत्या को लेकर गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने रात्रि में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रितेश मिश्र पुत्र नितिन मिश्र (16) वर्ष निवासी मरहा थाना मेजा 5 वर्ष से अपने ननिहाल मिश्रपुर में ही रहता था। ज्ञातव्य हो कि कमला शंकर मिश्र निवासी कोरांव क्षेत्र के मिश्रपुर गांव के एक इकलौती बेटी थी। जिनके मरने के बाद बेटी का पूरा परिवार मिश्रपुर में ही रह रहा था। गुरुवार देर शाम को अज्जू पांडेय निवासी पचेड़ा ने रितेश को फोन कर गांव में आई किसी बारात में आर्केस्ट्रा देखने के लिए बुलाया था। जहां रितेश अपने कुछ अन्य साथियों के साथ पचेड़ा गया हुआ था। वह बारात से लगभग 200 मी दूरी पर था तभी उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद बरात में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रितेश के पिता नितिन ने हत्या की आशंका जताते हुए तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने शुभम, अनुराग निवासीगण मिश्रपुर अज्जू पांडेय निवासी पचेड़ा के विरुद्ध पुलिस मामला पंजीकृत कर जांच में जुट गई है।

## अक्रोशित लोगों ने डॉक्टर के आवास को घेरा

रितेश को चाकू मार कर घायल करने के बाद अक्रोशित परिजन सीएचसी कोरांव पहुंचे जहां इमरजेंसी चिकित्साधिकारी के आवास को घेर लिया। बताया जा रहा है कि अक्रोशित लोगों ने डॉक्टर के आवास के दरवाजे को भी पीटकर तोड़ने की कोशिश की और बारजे से चढ़कर अंदर भी घुस गए। जिसके बाद डॉक्टर ने फौरन पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गोवरा हेवार गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को फांसी के फंदे से उतारकर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।

## शादी के दूसरे दिन पति ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

**करछना।** करछना थाना क्षेत्र के खजुरी गोसाईं का पूरा में नव विवाहित जोड़े के हाथ की मेंहदी नहीं छूटी थी कि नव विवाहित जोड़े के सपने चूर हो गए शादी विवाह संपन्न हुए एक दिन बीते थे कि पति ने ट्रेन के आगे छलांग लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली,हसी खुशी वाले घर में मातम छा गया , प्राप्त जानकारी अनुसार गोसाई का पूरा गांव निवासी हरिश्चंद्र के लड़के विशाल की शादी 22 अप्रैल को बारात बारा थाना क्षेत्र के एक गांव में शम्भू नाथ की पुत्री रूपा से हुई थी ,23 अप्रैल को हंसी-खुशी दुल्हन विदा होकर अपने ससुराल गोसाई का पूरा आ गई और 24 अप्रैल को रात क्या हुआ नव विवाहित जोड़े की बीच कि कोई जानकारी परिजनों को नहीं हो सकी 25 अप्रैल को सुबह विशाल बिना किसी को बताएं घर से गायब हो गया और उसी दिन देर शाम को विशाल करछना थाना क्षेत्र के समीप रेल लाइन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली, जानकारी होने पर हंसी-खुशी वाले घर में मातम छा गया लोग भी नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि नव विवाहित जोड़े को इतना बड़ा कदम कैसे उठा लिया हालांकि की परिजन कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है सूचना पाकर मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, इस घटना से लोगों में अपने मुताबिक अलग अलग तरीके से चचाएँ हो रही है।



# भारत सरकार और आरएमपी मेजा के संयुक्त तत्वावधान में आनलाइन कार्यशाला आयोजित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महानियंत्रक एकस्व अभिकल्प व व्यापार चिन्ह औद्योगिक नीति व संवर्धन विभाग उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार तथा राजकीय महिला पॉलीटेक्निक मेजा प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पैट्रोन शैलेन्द्र विक्रम, प्रेसीडेंट श्रीमती माया दिवाकर एवं कन्वेनर श्रीमती मोनिका मौर्या रही। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता आलोक मिश्रा (सहायक नियंत्रक, एकस्व अभिकल्प) द्वारा बौद्धिक सम्पदा पर विस्तार से चर्चा किया गया तथा इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त शैक्षणिक अधिकारी एवं छात्राएं लाभान्वित हुए।

# कार्यवाही : ग्राम सभा अल्हवा ने भू माफियाओं से राजकीय कोष में जमा कराए दो हजार

**कोरांव।** सरकार की तर्ज पर ग्राम पंचायत अल्हवा तहसील कोरांव में ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति द्वारा भू माफियाओं के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन के तहत कई अतिचारियो से ग्राम समाज की कीमती जमीनें कब्जा मुक्त कराई गई और कानूनी कार्यवाही के पश्चात जबरन और चोरी छिपे में दुबारा जोत बो कर उगाए गई फसल को थाना कोरांव में एफआईआर दर्ज कराने के बाद सुपुर्दगी में ली गई फसलों को दुरुस्त करा कर कुल दो हजार रुपए नकदी तहसील कोराब की राजकीय कोष में जमा करा दिया गया। बता दें कि अल्हवा के कई भू माफिया ग्राम समाज की और चकमार्ग,तथा पत्तेदारों और नाला आदि की जमीनों पर चेतावनियों के बावजूद जबरजस्ती अल्हवा के कोटेदार लाल बहादुर पुत्र बुद्धि और पवन कुमार,ने भूखंड संख्या 1036 ख पर आंशिक भाग में तथा चक मार्ग संख्या 1035 पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था,साथ ही भूखंड संख्या 757 चकनार्ग, एवं आवंटी की नवीन परती भू भाग संख्या 756 पर अवध नारायण सिंह ने फसल उगा कर विकास एवं जन कार्य बाधित कर दिया था। जिस पर ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने निहित प्राविधानों और अपने अधिकारों का प्रयोग कर राजस्व अधिकारियों से सहयोग ले कर थाना कोराव में लोक संपत्ति निवारण क्षति अधिनियम के तहत तीन लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया था। और कोटेदार अल्हवा द्वारा सीनाजोरी किए जाने पर चोरी में फसल काट कर गायब किए जाने के जुर्म में कोटेदार का पुत्र जेल गया था अब कोटेदार की बारी आ गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त फरार अभियुक्त कोटेदार किसी भी समय गिरफ्तार हो जायेगा। क्योंकि अग्रिम जमानत भी खारिज हो चुकी है। ग्राम प्रधान ने ली गई सुपुर्दगी की फसल को बटाई पर देकर सारे खर्च के बाद दो हजार रूप तहसील कोरांव के राजकीय कोष में प्रधान ने 26 अप्रैल को जमा कर दिया। जिससे राजस्व की वृद्धि हुई। विवेचक मनोज कुमार सिंह उप निरीक्षक के अनुसार अवशेष मुलजिम शीघ्र गिरफ्तार होंगे। और शांति भंग का प्रयास करने वालों को बख्सेगे नहीं। प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालना क्षति,ग्राम सभा संपत्तियों का नुकसान पहुंचाना गंभीर प्रकृति के अपराध हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम समाज की संपत्तियों पर अवैध कब्जा न छोड़ने वालों पर इसी तरह की कार्यवाही जारी रखी जायेगी। उन्होंने मिल रही तरह तरह की धमकियां पर भी जिला प्रसासन को समय समय पर अवगत करा दिये जाने की बात कही है। ग्राम प्रधान और लेखपाल के अनुसार चकमार्ग संख्या 1035 पर तथा आम रास्ते की भूमि से सीमांकन और चेतावनी के बावजूद भूमि कब्जा कर्ता लोगों ने खाली नहीं कराई गई। जिससे अब डिमोलेशन की तैयारी की जा रही है। इस निमित्त माननीय आयुक्त, डीएम,और हाईकोर्ट से अनुमति भी ली जा रही है।

## गो बध एवं पशु क्रूरता में दो गिरफ्तार, सेस फरार, तलाश जारी

**कोरांव।** थाना कोरांव की पुलिस ने थाना कोरांव में नामजद हुए अभियुक्त अखिलेश तिवारी पुत्र चंद्रमा प्रसाद तिवारी और आफाक पुत्र गुलाम मोहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि कोरांव थाना के शिकरों गांव में गो वंश से लदी पिकप नहर में गत दिवस पलट गई थी जिसमें एक छोड़ कर सभी दस मवेशी मर गए थे। ड्राइवर और अन्य घटना स्थल से भाग गए थे। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले कर मवेशियों को डाक्टरी परीक्षण के पश्चात दफना दिया था। कोराव थाने में दर्ज क्राइम नंबर 94/2024 धारा 3/5 क /8, गो बध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता ऐक्ट 11ग एवम धारा 429 आईपीसी में विवेचना के दौरान आए प्रकाश में उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अखिलेश तिवारी जिला चंदौली तथा आफाक ग्राम सेमारिहा कोरांव का है। साथ ही उनके कब्जे से एक तमंचा 15 बोर दो जिंदा कारतूस के साथ बरामद हुआ। जिसके तहत क्राइम नंबर 94/2024, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में निरुद्ध किया गया। थाना प्रभारी कोराव राकेश कुमार भारती के अनुसार अन्य सम्मिलित अभियुक्तों की तलाश में चार पुलिस टीम लगाई गई है।

# बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए भीम आर्मी ने किया एसडीएम का घेराव

**दरिंदो के खिलाफ तत्काल हो कार्यवाई नही तो होगा उग्र आंदोलन : दिनेश चौधरी**



**कोराव।** शुक्रवार को कोरांव प्रयागराज में भीम आर्मी संगठन के तरफ से 21 तारीख को हुई बहुत ही अमानवीय व मानवता को शर्मशार करने वाली बलात्कार की घटना के खिलाफ एस.डी.एम. कोरांव को ज्ञापन सौंपा। यह घटना कोरांव क्षेत्र के बड़ोखरा गांव में 21 अप्रैल को तब घटित हुई जब गुड़िया(बदला नाम) पुत्री श्रीपाल शाम को सौंच के लिए घर से बाहर जा रही थी घात लगाए दरिंदो ने उसे दबोच लिया और मुंह बाध कर तमंचा दिखा उसकी इज्जत आबरू को शर्मशार कर दिया। बाद में पता चलने पर पिता श्रीपाल दौड़ कर पहुंचे तो दरिंदे भाग निकले, घंटना के अगले दिन पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाने थाने पर पहुंचा पुलिस ने तत्काल आनन फानन में त्रक्रतो दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक घटना के मुख्य आरोपी दरिंदा ठाकुर प्रदीप सिंह(मठल्लू) पुत्र रविंद्र कुमार सिंह को अभी तक पुलिस ने गिरफ्तार तक नही किया है जबकि एक दरिंदे संतोष कोल को गिरफ्तार किया है लेकिन अभी तक पुलिस ना उनका चालान किया है ना ही कोई ठोस कदम उठा रही है पुलिस प्रशासन ढिलाही बारत रही है, जिससे पूरे क्षेत्र के दलित समाज और न्याय प्रियलोग के आक्रोषित व दुखी है। ज्ञापन देने मे शामिल सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश चौधरी व भीम आर्मी नेता डा. कमलेश गौतम ने कहा कि हमारे दलित समाज नाबालिक बेटी गुड़िया को जिन दरिंदो उसकी आबरू को लूटा पुलिस अभी तक उनके ऊपर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है ना कोई विशेष कार्यवाइ हुई है इससे स्पष्ट होता है कि दलित समाज को न्याय दिलाने को दूर बल्कि उस दबंग परिवार के प्रदीप सिंह को गिरफ्तार करने में हीलाहवाली बरत रही है, ऊपर से उस उत्पीड़ित व बेबस परिवार को दबंगों के द्वारा धमकाया जा रहा है, जिससे हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि श्रीपाल व उनके परिवार को सुरक्षा की गारंटी दिया जाए।परिवार बहन बेटियों के साथ अगर शासन प्रशासन सीघ्र कोई कदम नहीं उठाती तो हम बहुजन समाज के लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने में भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गौतम,निर्मला कुशवाहा, अभिराजी देवी, एड प्रकाश बाबू, अमित जैसल, शिवम राव, शुशील कुमार, अकाश सिंग, अजय चौधरी, कृष्णकांत, सर्वेश कुमार, दिनेश ठाकरे व विनय चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

# सरकारी पंचायत भवन मझुआ का सभी उपकरण चोरी



**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मछुआ मेन सड़क किनारे पर नवनिर्मित सरकारी पंचायत भवन में बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन में रखें सभी उपकरण एवं कागजात पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया जानकारी होने पर सुबह प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित करछना पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है एफआईआर के मुताबिक पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे कंप्यूटर प्रिंटर डिवाइस इलेक्ट्रिक बल्ब कुर्सी मेज आलमारी सभी उपकरण लगभग लाखों रुपए का कीमती सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया जबकि पंचायत भवन बेंदौ पनासा मेंन रोड पर नवनिर्मित है जहां पर आवागमन रातों दिन रोड पर रहता है उसके बावजूद अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसकर सभी उपकरण उठा ले गए प्रधान बनवारी लाल पटेल ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना के बच्चों ने लहराया परचम

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया।जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज के बच्चों ने अपना परचम लहराया।इस प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यालय के नौ बच्चों ने सफलता प्राप्त किया। विद्यालय की श्रद्धा केसरवानी, नित्या विश्वकर्मा, विजयलक्ष्मी, अंजली, नैंसी पटेल, खुशी पाल,आकाश कुमार,अंश पटेल,तनु ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को कक्षा 9 से 12 वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी।इस तरह इन बच्चों को चार वर्ष में कुल अड़तालीस हजार रूपए की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।विद्यालय में इन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने विद्यालय परिवार की तरफ से बच्चों का माल्यार्पण कर उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल व पुरस्कार वितरित करके मुंह मीठा कराया और सभी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने विज्ञान शिक्षक अमरदीप चौधरी को सम्मानित करते हुए परीक्षा की तैयारी कराने में उनके प्रयासों की सराहना किया। उन्होंने कहा विद्यालय के सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों और बच्चों की मेहनत से यह सफलता प्राप्त हुई है। विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाज़िया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, जितेंद्र कुमार शर्मा, शिशिर जायसवाल, अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्त आदि ने बच्चों को बधाई दिया।

# उदिशा, मनीषा, किरन, अभिषेक, अवधेश, अभिषेक, सच्चिदानंद दिनेश, रत्नेश, राजेश समेत 15 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के 15 पदों के लिए चल रही मतगणना शुक्रवार को समाप्त हो गई। आज 8253 मतों की गिनती के साथ ही नवनिर्वाचित 15 कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा कर दी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी वी एम जैदी चुनाव अधिकारी विनोद कांत श्रीवास्तव आरसी सिंह वशिष्ठ तिवारी चंदन शर्मा एवं प्रभाकर अवस्थी के अनुसार शुक्रवार को कार्यकारिणी सदस्यों की गिनती पूरी हो गई। 8253 वोटों की गिनती में उदिशा त्रिपाठी को 3232 मनीषा सिंह को 2410 किरन सिंह को 2261 अभिषेक मिश्रा को 1724 अवधेश कुमार मिश्रा को 1682 अभिषेक तिवारी को 1581 सच्चिदानंद यादव को 1487 दिनेश यादव को 1408 रत्नेश कुमार पाठक को 1387 राजेश शुक्ला को 1317 सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव को 1311 वेद प्रकाश ओझा को 1307 बलदेव शुक्ला को 1305 अमरनाथ त्रिपाठी को 1304 बृजेश कुमार सिंह सेंगर को 1290 मत मिले। इन 15 उम्मीदवारों के निर्वाचित होने की घोषणा शुक्रवार को चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी और चंदन शर्मा द्वारा की गई। वहीं कुसुम लता को 1281 दिवांशु तिवारी को 1277 कृष्ण मोहन सिंह को 1249 मत मिले हैं। बता दें 28 सदस्यीय कार्यकारिणी कार्यकारिणी के लिए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा हो गई है। जिसमें पूर्व में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी अध्यक्ष विक्रांत पांडे महासचिव अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी अखिलेश मिश्रा सुभाष चंद्र यादव नीरज त्रिपाठी और नीलम शुक्ला उपाध्यक्ष सुमित कुमार श्रीवास्तव संयुक्त सचिव प्रशासन आंचल ओझा संयुक्त सचिव महिला अभिजीत पांडे संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पुनीत कुमार शुक्ला संयुक्त सचिव प्रेस रणविजय सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए हैं। सभी पदाधिकारियों को अधिवक्ता मनीष द्विवेदी मुकेश पाण्डेय ज्ञानेंद्र सिंह आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

# मतदाता जागरूकता अभियान बाइक रैली को तहसीलदार कोरांव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना




**कोरांव।** शुक्रवार को जिलाअपराध निरोधक समिति कोराव के तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में समिति के बैनर तले मतदाता जगरूकता अभियान बाइक रैली माननीय तहसीलदार कोरॉंव श्री राजेश पाल जी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर तहसील परिसर से रवाना किया गया ' तहसील सचिव के द्वारा तहसीलदार महोदय जी को मतदाता जगारूकता अभियान का टोपी पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किआ गया ' साथ में अशोक मिश्रा जी भी रहे। जनमानस में 25 मई को होने वाले मतदान करने हेतु रैली के माध्यम से जन जागृत किया गया ' थाना कमेटी प्रभारी नरेन्द्र देव मिश्र अपने अधीनस्थ वालेंटियर के साथ, एवं तहसील संयुक्त सचिव संगम लाल जायसवाल, सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अलीशाह, मीडिया प्रभारी मो0 असलम रैली को सकुशल सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग किये ' कोरॉंव बाजार में शपथ के बाद रैली का समापन तथा जलपान सह थाना कमेटी प्रभारी सफात अली शाह के कार्यालय मोती नगर में किया गया ' रैली में सहाभागिता करने वाले वालेंटियरों में चिदानंद मिश्र, दिनेश कुमार, शिवकुमार जायसवाल, यहसान अहमद, संतोष कुमार जायसवाल, धीरज कुमार,, रामानुज,, निसार अहमद, शिवलाल कुशवाहा, लखन लाल जैसल, सियाराम,उमेश कुमार, राजेश कुमार कुशवाहा, सुदीप कुमार विजय कांत सिंह, धनेश्वर कुशवाहा, कौशलेश कुमार, चन्द्रमा प्रसाद चंद्र प्रकाश सिंह मुकेश कुमार, हरीशंकर सिंह, कमलेश कुमार, रमाकांत सिंह शिवशंकर जायसवाल, राकेश कुमार केशरी , पृथ्वीराज वर्मा, मनोज कुमार अशोक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मण्डल रेल प्रबंधक ने तेजस, रोड एआरटी का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ




**प्रयागराज।** शुक्रवार को मण्डल रेल प्रबन्धक/ प्रयागराज हिमांशु बाडोनी ने प्रयागराज मण्डल कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर तेजस, रोड एआरटी का शुभारंभ किया। तेजस, रोड एआरटी एक दुर्घटना राहत गाड़ी है और इसे टूंडला स्टेशन पर रखा जाएगा। दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) गाड़ियों के अवपथन अथवा दुर्घटना के समय गाड़ियों का संचालन को शुरू करने की एक स्थापित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है। इसे चिन्हित स्टेशनों पर रखा जाता है। मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज श्री बाडोनी ने कहा मण्डल प्रयागराज मण्डल संरक्षा के उच्च मानकों पर कार्य करता है और यह भारतीय रेल में इस प्रकार की पहली रोड है जो की पहियो की लोडिंग और अनलोडिंग की यंत्रकृत प्रणली से युक्त है। तेजस, रोड एआरटी में आपातकालीन स्थिति के लिए करीब 1.5 तन वजन का एक व्हील सेट रखा गया है। इस रोड एआरटी में लगभग 20 कर्मचरियों के बैठने की व्यवस्था है। इसे वरिष्ठ खंड अभियंता की देखरेख में संचालित किया जाएगा। यह रोड एआरटी अवश्यकता पड़ने पर दादरी से लेकर इटावा तक कार्य करेगी। यह एआरटी गाड़ी के अवपथन की स्थिति में शीघ्र राहत पहुंचाने के कार्य के साथ-साथ चक्का बदलने में भी सहायक होगी। तेजस, रोड एआरटी को वरिष्ठ मकेनिकल इंजीनियर/प्रयागराज मण्डल, श्री विकास चौरसिया की देखरेख में उनकी टीम द्वरा तैयार किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से बालक नाजुक निजी अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** शादी में लगाए गए बिजली का तार निकालते समय बालक चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर हो गया। प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता मझगांव निवासी मोदी 15वर्ष पुत्र राम भुवाल गांव में पडी शादी खत्म होने के बाद बिजली का तार निकालते समय करंट की चपेट में आ गया है। बताया गया है कि करंट लगने से मोदी की हालत नाजुक बनी हुई है जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दो अलग स्थानों पर मार पीट तीन पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग स्थानों पर जमीनी विवाद को लेकर मार पीट में मऊआइमा पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखरिया का पूरा निवासी राम आसरे पाल पुत्र जगनारायण का आरोप है कि वह जमीनी विवाद में उसे मारा पीटा गया।राम आसरे ने विश्वनाथ पाल पुत्र मोतीलाल पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम जोगीपुर निवासी रणजीत सिंह पुत्र देवप्रताप सिंह का आरोप है कि जमीनी हिस्से को लेकर उसे परिजनों ने मारा पीटा। पुलिस ने सनी सिंह और रवि सिंह ग्राम राजविकदिलपुर नवाबगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### औद्योगिक क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे की समीप मरम्मत कार्य होने की वजह से शनिवार और रविवार को बिजली आपूर्ति तीन-तीन घंटे के लिए बंद रहेगी। संबंधित उपखंड अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि 33/11 विद्युत उपकेंद्र भीरपुर और रामपुर उपकेंद्र से जुड़े समस्त फिडरों से संचालित बिजली आपूर्ति शनिवार एवं रविवार दोपहर बाद 2 से लेकर शाम 5 बजे तक के लिए बंद रहेगी। अवर अभियंता संतोष गौतम ने जनमानस से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान वह अपनी जरूरतें समय से पूर्व कर लें।

### सोपराबारी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रविवार से

**सहसों।** सहसों के सोपराबारी गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन रविवार से किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु श्रोता भक्तों को कथा व्यास आचार्य श्याम सुंदर जी महाराज श्री सच्चा बाबा आश्रम अरैल प्रयागराज के अमृत रस मुखारविंद से भगवत कथा के सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन कराते हुए रसपान कराया जाएगा। कथा 28 अप्रैल रविवार से प्रारंभ होकर 4 मई शनिवार तक चलेगा। तत्पश्चात 5 मई रविवार को हवन पूणाहुति एवं 6 मई सोमवार को महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आयोजक एवं मुख्य यजमान बद्रीनाथ शुक्ल ने दी है।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत




**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर सिलेंडर लदी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक में फंस कर युवक कुछ दूर तक घिसटते हुए चला गया। शरीर का आधा हिस्सा सड़क में चिपक गया कालेजा निकल कर बाहर आ गया। वही चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया।

कौधियारा खुजी रायपुरा निवासी राकेश कुमार 38 पुत्र अमृत लाल शुक्रवार दोपहर बाइक से फूलपुर के बीबीपुर गांव बाइक से निमंत्रण में जा रहा था। जीटी रोड झूंसी न्याय नगर गेट के सामने सिलेंडर लदी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार राकेश ट्रक के दोनों पिछले टायर के बीच मे फंस कर कुछ दूर तक घिसटता हुआ चला गया। लोगो ने शोर मचाया तो चालक ट्रक छोड़ फरार होगया मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वाराणसी मार्ग पर जाम जैसे हालात उत्पन्न हो गए। तभी सूचना पर पहुचे चमनगंज चौकी इंचार्ज सन्तोष सिंह कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे शव को बाहर निकलवा कर पीएम के लिए भेजा पास में मिले पर्स व फोन से युवक की शिनाख्त करार कर परिजनों को सूचना दी गई।

## नर्सिंग छात्रा की मौत ऑटो-कार की टक्कर में


**नैनी।** नैनी चाका ब्लॉंक के पास सत्तीचौरा की रहने वाली नर्सिंग की एक छात्रा की शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। वह ऑटो से कॉलेज जा रही थी लेकिन चाका ब्लॉंक के पास सामने से कार वाले ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में घायल हुए अन्य लोगों को एसआरएन में भरती कराया गया है। शहर के सतीचौरा निवासी बाबूराम अग्रहरि मुंबई में जनरल स्टोर चलाते हैं। उनकी पत्नी अनीता एसआरएन अस्पताल में नौकरी करती हैं। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि अनीता की बेटी सौम्या उर्फ कामेशी अग्रहरि गौहनिया के एक पैरामेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा थी। शुक्रवार सुबह सौम्या ऑटो से कॉलेज जा रही थी। चाका ब्लॉक के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सौम्या सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर सौम्या, रजिया, सुरेंद्र और इंद्रजीत को एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। यहां पर इलाज के दौरान सौम्या की मौत हो गई। उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं रजिया, सुरेंद्र और इंद्रजीत का इलाज चल रहा है।

## बांध रोड पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के बांध रोड पर सड़क दुर्घटना में महेवा के रहने वाले प्रहलाद (30) गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। मृतक के भाई मोहन लाल ने नैनी कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है।

## कूड़ा घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत जगदीशपुर पूरे चंदा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आर आर सी सेंटर(कूड़ा घर) केंद्र का निर्माण ग्राम प्रधान योगेश कुमार त्रिपाठी व ग्राम पंचायत अधिकारी रिचा सिंह द्वारा लाखों रुपए की लागत से कराया गया था। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि कूड़ा घर के गेट का ताला अज्ञात चोरों द्वारा तोड़ा गया है। और अंदर रखा हजारों का सामान गायब है। इतना ही नहीं गेट के अंदर बने शौचालय की टाइल्स व दरवाजा टूटा हुआ है। तत्काल ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी को सूचना दिए। मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी रिचा सिंह ऐसी तथा ग्राम प्रधान के लेटर पैड पर शिकायती पत्र लिखकर थरवई थाने पर देकर कार्रवाई की मांग किया है। वहीं विकास विभाग के विभागीय अधिकारियों को भी पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया।



## हाईकोर्ट समाचार

### विधि अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं, पूर्णकालिक सेवा के दौरान वकालतनामा लगाना शर्तों का उल्लंघन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि निजी कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी वकालत नहीं है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला तथा न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की कोर्ट ने विधिक अधिकारी की नौकरी को जोड़ते हुए बनवाए गए प्रैक्टिस प्रमाणपत्र को नहीं माना और याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा,चयन एवं नियुक्ति समिति के प्रस्ताव में कोई दोष नहीं है। पूर्णकालिक सेवा के दौरान वकालतनामा लगाना बार काउंसिल और कंपनी में नियुक्ति की शर्तों का उल्लंघन है ।कंपनी से इस्तीफा देने के बाद याची की निरंतर वकालत की अवधि सात वर्ष से कम है, जबकि न्यायिक सेवा के लिए 7 वर्ष की निरंतर प्रैक्टिस जरूरी है। मामले में याची शशिकांत तिवारी ने उप्र न्यायिक सेवा परीक्षा 2016 के लिए फॉर्म भरा था। प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें 22 अप्रैल 2017 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। 18 अगस्त 2017 को परिणाम घोषित किया गया, जिसमें याची का नाम नहीं था। उम्मीदवार के अंक अपलोड किए गए तो याचिकाकर्ता को पता चला कि उसने कुल 471 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि सामान्य वर्ग के अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार ने केवल 455 अंक प्राप्त किए हैं। अंतिम चयनित सूची में शामिल न किए जाने पर उन्होंने एक अभ्यावेदन दिया, जिसे खारिज कर दिया गया ।इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याची वकील ने आदेश को चुनौती देते हुए कहा, 16 नवंबर1998 से याची बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में एक वकील के रूप में पंजीकृत हुआ था, तब से वह बरेली में नियमित रूप से वकालत कर रहा था। उसने एक वर्ष के लिए कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी की थी, जिसकी प्रकृति एक वकील के रूप में कार्य करना था। इसलिए इस आधार पर याची कंपनी में विधिक अधिकारी था, ऐसे में उसने फॉर्म भरने के दौरान सात वर्ष की निरंतर प्रैक्टिस की पात्रता पूरी नहीं की है, यह गलत है। शासकीय अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद कंपनी में विधिक अधिकारी की नौकरी को वकालत व्यवसाय नहीं मानते हुए याचिका खारिज कर दी।






# पुलिस व एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने साढ़े तीन कुंतल अवैध गांजा के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** थाना फूलपुर व एसटीएफ मुख्यालय की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। जिनके कब्जे से 361 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा व एक ट्रक बरामद किया गया। बता दें कि शुक्रवार को उदय प्रताप सिंह सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर, प्रभारी निरीक्षक फूलपुर दीनदयाल सिंह, शिवनेत्र सिंह एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ, उपनिरीक्षक विनय सिंह एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ, उपनिरीक्षक रामनरेश कन्नौजिया एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ, उपनिरीक्षक मोनिश आलम थाना फूलपुर, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अतुल यादव द्वारा तीन अभियुक्त ललित सिंह पुत्र जयबहादुर सिंह निवासी ग्राम सरायचाचक थाना सरायइनायत, जगदीश कुमार जायसवाल उर्फ सोनू पुत्र रमेश चन्द्र जायसवाल निवासी ग्राम बैदहा बाजार थाना गोपीगंज भदोही, गुलाम हसन उर्फ डब्लू पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ग्राम जैदपुर थाना सरायइनायत को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत देवताराम तालाब के पास से एक ट्रक में लदे हुये कुल 361 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना फूलपुर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई किया। गिरफ्तार किए गए उक्त तस्करों द्वारा उड़ीसा प्रान्त से अवैध गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वितरण कर उनसे प्राप्त पैसों को आपस में बाँट लिया जाता था।

# डिबेट के दौरान भाजपा समर्थकों और अधिवक्ताओं में जमकर मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में डिबेट के दौरान जमकर मारपीट हुई है लोकसभा चुनाव में किस प्रत्याशी की जीत होगी और किस प्रत्याशी की हार होगी इस बात पर चैनल के द्वारा डिबेट में मौजूद लोगों का पक्ष जाना जा रहा था लोग एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे भाजपा के लोग मोदी सरकार के विकास की बात कर रहे थे तो दूसरे पक्ष के लोग भाजपा सरकार के विकास के मुद्दे पर कमी निकाल रहे थे बात धीरे-धीरे वाद विवाद तक पहुंची दोनों तरफ के लोग उत्तेजित होने लगे देखते-देखते विवाद बढ़ गया और भाजपा समर्थकों और अधिवक्ताओं से मारपीट होने लगी



डिबेट के दौरान धक्का मुक्की करते हुए एक दूसरे को जमकर मारा पीटा गया है जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में भारत एक्सप्रेस चैनल की डिबेट में काफी लोग मौजूद थे और डिबेट के दौरान भाजपा समर्थकों और अधिवक्ताओं में पहले बहस हुई फिर धक्का मुक्की और उसके बाद देखते-देखते जमकर मारपीट हुई है जिधर देखो उधर भाजपा प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की छीछालेदर हो रही है।

# जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसरों को दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो एवं सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसर का प्रशिक्षण शुक्रवार को दो पालियों में जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा दिया गया। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो को चुनाव कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन के सभी अवयवों-सीयू, बीयू, वीवीपैट के टैगिंग, कनेक्शन, संचालन, मॉकपोल, रिजर्व ईवीएम, प्रपत्रों के बारे में, ईवीएम मशीन की सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो एवं सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसरों को पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जितने अच्छे ढंग से आप सभी लोग मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, उतने ही सहज एवं कुशलता के साथ मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करा सकेंगे, इसलिए प्रशिक्षण में बतायी जा रही मतदान प्रक्रिया से सम्बंधित बारीकियों के बारे गहनता से जानकारी प्राप्त करें। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने प्रशिक्षण में सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो को चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता व सावधानी बरतने के साथ-साथ निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गहनता पूर्वक जानकारी रखने एवं उसके अनुसार कार्यवाही करने लिए कहा है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, सभी विधानसभाओं के उपजिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो उपस्थित रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024



# औद्योगिक क्षेत्र में नर्सिंग की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाई



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में एक गर्ल्स हॉस्टल में बुधवार देर रात नसिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वार्डन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस और फॉरेसिक टीम ने छात्रा के कमरे की जांच भी की। देवरिया के पिपरा बघेल की रहने वाली रिंकी सिंह (23) पुत्री राजेश सिंह दो भाइयों में इकलौती थी। वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक नर्सिंग कॉलेज से जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार रात वह खाना खाने के बाद सोने चली गई। देर रात वहीं हॉस्टल में रहने वाली एक अन्य छात्र रिंकी से कॉपी लेने पहुंची तो उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला। छात्रा ने खिड़की से देखा तो रिंकी नायलॉन की रस्सी से पंखे के चुल्ले पर लटक रही थी। छात्र ने शोर मचाया तो वार्डन समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए । सूचना पर पुलिस भी आ गई। पुलिस के अनुसार छात्रा एक दिन पूर्व ही हॉस्टल आई थी। कमरे से उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है। रिंकी के इस कदम से उसकी मां रीमा और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीआईओएस पीएन सिंह समेत आठ पर केस

मृत शिक्षक की सर्विस निधि के हेराफेरी का मामला, शिक्षक के पिता ने दी तहरीर



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला विद्यालय निरीक्षक) पीएन सिंह पटेल समेत आठ लोगों के खिलाफ आज गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक की मौत के बाद उसकी सर्विस निधि में बंदरबांट किया गया था। इस मामले में मृतक शिक्षक के पिता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। डीआईओएस के साथ-साथ शिक्षक की पत्नी सुषमा, लिपिक रवि पटेल, आलोक गुप्ता (पेंशन विभाग), शिव जियावन इंटर कॉलेज, लेड़यारी के प्रबंधक रामकैलाश, हिंछलाल बाबू, देवराज भूर्तिया बाबू, प्रधानाचार्य संतराज कनौजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना, गबन, एससी-एसटी और जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर हुआ है।

## शिक्षक ने अपने पिता को बनाया नामिनी

दरअसल, कोरांव तहसील के भोगन गांव निवासी रघुनंदन ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुरेश कुमार कौशांबी के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात था। वहां से वह 2010 में शिव जियावन इंटर कॉलेज में चयनित हो गया। यहां 2021 तक वह गणित विषय के लिए सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत रहा। वह अपने पत्नी की आदतों से परेशान रहता था। उसने 2011 में तलाक की भी अर्जी दी थी। सुरेश अक्सर बीमार भी रहता था। सुरेश ने सर्विस बुक में पिता को अपना नामिनी रखा था। सुरेश ने शपथ पत्र में लिखा भी था कि उसके न रहने पर सर्विस निधि का पैसा उसके माता पिता को ही दिया जाए। 17 जुलाई 2020 को सुरेश की मौत हो गई।

## रुपयों के लालच में पत्नी को बना दिया नामिनी

पिता ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के बाबू और मुख्यालय पर तैनात लिपिक रवि पटेल , आलोक गुप्ता ने रुपयों के लालच में पत्नी सुषमा को गलत तरह से नामिनी बना दिया। शिक्षक के पिता रघुनंदन व मां श्यामकली के नाम से फर्जी शपथ पत्र भी दे दिया गया। इस पूरे मामले में डीआईओएस पीएन सिंह की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है ।वहीं, डीआईओएस पीएन सिंह ने कहा, पति और पत्नी का तलाक नहीं हुआ था, इसलिए पत्नी का हक बनता है। इसमें किसी तरह का कोई गलत नहीं किया गया है।

# जल जीवन मिशन द्वारा महीनो से खोदा गढ्ढा न पाटने से बना जानलेवा

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** इलाके के ग्राम पंचायत उसरही के मजरा सराय भोगी में सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन द्वारा खोदा गया गड्ढा को कार्यदाई संस्था द्वारा न पाटने से स्कूली बच्चों संग ग्रामीणों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। गौरतलब है कि फरवरी तथा मार्च माह में सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत उसरही के मजरा सराय भोगी गांव में हर घर जल योजना अंतर्गत खड़ंजे को उखाड़कर पाइप डालने का कार्य तेजी से किया गया। लेकिन विभागीय कर्मचारियों और कार्यदाई संस्था की उदासीनता के कारण खोदा गया गड्ढा अभी तक नहीं पाटा गया। जिससे ग्रामीणों संग स्कूली बच्चों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**जल जीवन मिशन द्वारा महीनो से खोदा गड्ढा न पाटने से बना जानलेवा**

गड्ढे में अक्सर छोटे-छोटे बच्चे गिरकर चोटिल होते रहते हैं। यदि गड्ढा पाटा नहीं गया तो किसी भी दिन खोदा हुआ गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों संग कार्यदाई संस्था को किया गया बावजूद गड्ढा नहीं पाटा गया। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द रास्ते में खोदा गया जानलेवा गड्ढा को कार्यदायी संस्था द्वारा पटवाने की मांग किया है।

इस बाबत डीसी जल जीवन मिशन अश्वनी श्रीवास्तव का कहना है मामला जानकारी में नहीं है यदि ऐसा है तो तत्काल सही करवा दिया जाएगा।

# सीडीओ ने मतदाता जागरूकता हेतु निकाली गयी पिंक बाईक रैली का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**प्रयागराज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत आज दिनांक 26.04.2024 को पूर्वान्ह 10 बजे प्रधान डाकघर प्रयागराज से बाईक रैली प्रारम्भ होकर गिरजाघर होते हुए सुभाष चैराहा से आगे डॉयट कार्यालय सिविल लाइन्स चैराहे पर समाप्त हुई। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं भारतीय डाक विभाग के संयुक्त समन्वय से बाईक पिंक रैली का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 300 लोगों ने प्रतिभाग किया। पिंक बाईक रैली का शुभारम्भ जी0पी0ओ0 कार्यालय के प्रांगण पर गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज, गौरव श्रीवास्तव, निदेशक भारतीय डाक सेवायें परिक्षेत्र प्रयागराज के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम में दिनेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवर डाक पाल राजेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर-2, विभाकर शुक्ला वरिष्ठ प्रवक्ता सहित बाल विकास एवं डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकाधिक मतदाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जोड़ते हुए बाईक पिंक रैली के माध्यम से 25 मई, 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग किये जाने का आह्वाहन किया गया। बाईक पिंक रैली के साथ-साथ बाल विकास विभाग द्वारा पैदल जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया एवं दोनों रैलियों का पड़ाव कोटक महेन्द्रा लाईफ इन्श्योरेन्स कार्यालय सिविल लाईन्स प्रयागराज पर हुआ जहाँ कोटक लाईफ के डिविजनल मैनेजर प्रद्युम्न यादव के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया एवं रैली पर पुष्प वर्षा की गई। उनके द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किये जाने का आह्वाहन करते हुए सभी को अपने मत का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की अपील की गई। कोटक लाईफ के कार्यालय से आगे जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज द्वारा स्वयं बाईक चलाते हुए जागरूकता रैली का नेतृत्व किया गया एवं सुभाष चैराहा होते हुए सिविल लाइन्स बस स्टैण्ड एवं डॉयट कार्यालय पर प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी मतदान दिवस में किये जाने की अपील की गई।



# सोशल मीडिया पर व्यूज-लाइक पाने के लिए फूंक दी बाइक

## दोस्त को दरवाजे से लटका कर चलाई कार, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** हंडिया में एक यू-ट्यूबर ने रील वीडियो बनाने के लिए जानलेवा स्टंट किया। एक बाइक में आग लगा दी और युवक को दरवाजे से लटकाकर कार दौड़ाई। यह रील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई यूजरों ने कार्रवाई की मांग की। मामला पुलिस अफसरों के संज्ञान में आया तो आरोपी के खिलाफ हंडिया थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी की तलाश की जा रही है ।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रयागराज का एक रील वीडियो बृहस्पतिवार को वायरल हुआ। वीडियो में कुछ ऐसा था, जिसे देखकर लोग चौंक गए। दरअसल, इसमें कुछ लोग एक युवक को दरवाजे से लटकाकर कार चलाते नजर आए। युवक को पैकेजिंग टेप से दरवाजे से लटकाया गया था। यही नहीं, रील वीडियो के अगले हिस्से में एक युवक बाइक में आग लगाते नजर आता है,जो कुछ ही सेकंड्स में धू-धूकर जलने लगती है। कुछ यूजर ने इसे साहसी करतब बताया तो बहुत से ऐसे भी थे, जिन्होंने इसे खतरनाक स्टंट बता कार्रवाई की मांग की। मामला पुलिस अफसरों के भी संज्ञान में आया तो जांच पड़ताल शुरू हुई।

### आईटी एक्ट के तहत भी दर्ज किया गया केस

रील वीडियो देखने के बाद यह पाया गया कि इसमें न सिर्फ खतरनाक ढंग से वाहन चलाकर दूसरे के जीवन को खतरा पहुंचाने का अपराध कारित किया गया, बल्कि इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर आईटी एक्ट के तहत भी आपराधिक कृत्य किया गया ।इसके बाद हंडिया थाने में कांस्टेबल शिवम यादव की तहरीर पर रील वीडियो बनाने वाले सुमित कुमार पुत्र दिनेश दुबे निवासी बढ़ौली दुमदुमा, सैदाबाद थाना हंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिस महिंद्रा कार से यह स्टंट किया गया, वह भी आरोपी के नाम पर ही पंजीकृत है। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के बारे में पता चला है कि वह मूलरूप से हंडिया का रहने वाला है और वर्तमान में झूंसी में रहता है। उसकी तलाश की जा रही है।

# निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों विरूद्ध होगी कार्रवाईः जिलाधिकारी

## डीएम एवं एसपी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत थाना रानीगंज का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने थाना रानीगंज का निरीक्षण किया। थाना रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज, सीओ रानीगंज से अति संवेदनशील बूथों पर होनी वाली घटनाओं व निर्वाचन के दृष्टिगत अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान गुण्डा एक्ट रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, लोकसभा चुनाव रजिस्टर आदि का अवलोकन किया एवं की गयी कार्यवाहियों के सम्बन्ध में जानकारी ली।



थाना रानीगंज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर समय से प्लान बनाकार तैयारी करा ली जाये जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की समस्यायें न उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि मतदेय स्थलों पर ईवीएम मशीन, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माइक्रो आर्ब्जबर आदि की व्यवस्था आवश्यकतानुसार पूर्ण कर ली जाये तथा मतदेय स्थलो पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय आदि की व्यवस्था देख लें यदि कहीं पर कोई कमी पाये जाये तो उसे पूर्ण करायें। उपजिलाधिकारी रानीगंज एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे, क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये, यदि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा निर्वाचन कार्य में बाधा डाले तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। क्षेत्रों में जाकर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तालाबों व ग्रामसभा की जमीनों पर किये गये अवैध कब्जों को हटवाया जाये, यदि अवैध कब्जा नही हटाया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखे, यदि किसी के द्वारा कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना रानीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत शस्त्र लाइसेंस के जमा कराये जाने व अब तक निरस्त किये गये शस्त्र लाइसेंस के सम्बन्ध में जानकारी ली।

# महोखरी गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर जला, सैकड़ों घरों की बत्ती हुई गुल

## भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण हो रहे हैरान परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के महोखरी गांव की विद्युतापूर्ति विद्युत उपकेंद्र उड़ैयाडीह से की जाती है। महोखरी गांव में दो दिन पूर्व विद्युत ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया, जिससे सैकड़ो घरो की बत्ती गुल हो गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों को दी। लेकिन न तो ट्रांसफार्मर बदला गया न ही कोई कर्मचारी आए। बता दे की दो दिन पूर्व अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग जाने की वजह से ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे सैकड़ो घरों की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। वही भीषण गर्मी में लाइट न होने की वजह से ग्रामीण काफी हैरान परेशान हो रहे हैं। और मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों का दिन का चैन और रात की नींद हराम हो गयी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना विद्युत विभाग के कर्मियों को दी गई। लेकिन सूचना के बाद भी कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं आया जिसको लेकर बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव के रमाशंकर पाठक, विनोद पांडेय, मुन्ना पाठक, जयंती प्रसाद, बाबूलाल, दिलीप कुमार, शिवकांत, आदि ग्रामीणों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र विद्युत ट्रांसफार्मर बदलवाने जाने की मांग की है।


महोखरी गांव का जला विद्युत टांसफार्मर।

### मंदिर परिसर में कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दासीपुर में व्यापारियों की नगरी चिलबिला क्षेत्र में स्थित काली जी के मंदिर परिसर पर किए जा रहे कब्जा को ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में भू माफिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाये। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि कार्यवाहीं नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि भू माफिया द्वारा मंदिर परिसर पर ग्रामीणों ने कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

# मोबाइल चार्ज करने के बहाने नकदी व गहने चोरी का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के हर्रईपट्टी गांव में मोबाइल चार्ज करने आई पड़ोस की युवती पर घर में रखें नकदी और गहनों की चोरी कर ले जाने के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गांव की रहने वाली गुलसाना बानो ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस की एक युवती का उसके घर आना जाना रहता था। वह बृहस्पतिवार की सुबह 11 के आस-पास उसके घर मोबाइल चार्ज करने के लिए आई। इस दौरान पीड़ित महिला घर की देख-रेख करने की बात कह कर बगीचे में बकरियों बांधने के लिए चली गई। आरोप है कि जब वह वापस लौटी तो पड़ोसी युवती अपना मोबाइल लेकर अपने घर चली गई। घर के भीतर सामान बिखरा देख सामान की जांच करने पर पता चला कि 11 हजार रुपए नकदी, सोने का कान का एक जोड़ी झुमका, सोने की एक अंगूठी व दस तोले का चांदी का पायल गायब है। पीड़ित महिला जब पूछ-ताछ के लिए गई तो आरोप है कि उसे मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़ित महिला मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और गंभीर आरोपों की तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है घटना सत्य पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी रोज जनसभाओं में बोल रहे हैं झूठः प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा सदर ने किसानों व युवाओं के साथ छलावे को लेकर बीजेपी को घेरा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को प्रतापगढ़ लोक सभा क्षेत्र में तीन दिवसीय अपने चुनाव प्रचार अभियान के पहले दिन रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भाजपा तथा पीएम मोदी पर राष्ट्रीय झूठ बोलने को लेकर जमकर हमलावर नजर आये। सांगीपुर क्षेत्र के पेडरिया तथा भंवरी में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभाओं मे कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक व सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में स्थानीय मुददो पर भी भाजपा की घेराबंदी की।


जनसभा को सम्बोधित करते राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

उन्होंने कहा कि भाजपा ने फिर जिले में विकास तथा लोगों के सम्मान से खिलवाड करने वाले निवर्तमान सांसद को चुनावी मैदान में लाकर प्रतापगढ़ के लोगों की भावना का अनादर किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मौजूदा सांसद का पूरा कार्यकाल रामपुर खास में विकास को रोकने के साथ यहां के शांतिपूर्ण माहौल पर भी कडवाहट के प्रदर्शन में निराशाजनक दिखा। उन्होंनें कहा कि बीजेपी सांसद ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कई बड़े विकास कार्यो में सिर्फ रोड़ा बनने का असफल प्रयास ही यहां जारी रखा। उन्होंनें कहा कि रामपुर खास अब भाजपा की विकास विरोधी सोच को सबक सिखाने के लिए मजबूती से सिर उठाकर खड़ा है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस और उसके मजबूत इण्डिया गठबंधन के चुनावी संकल्प से इस कदर परेशान है कि सच्चाई से मुंह फेरने के लिए ही वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आमने सामने बातचीत के लिए उनके पत्र पर भी मौन साधे हुए हैं। पेडरिया में हुई जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने किया। संचालन लाल सुनील प्रताप सिंह व रामकृपाल पासी ने संयुक्त रूप से किया। सभा को यशवंत यादव, विनोद शुक्ल, शिव कुमार साहू, त्रियुगी नारायण शुक्ल, पूर्व प्रधान हरीलाल, हरिप्रकाश यादव, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने भी संबोधित कर पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला।

# शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती

## एलायंस क्लब का मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में आज क्लब के पदाधिकारी व क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में सोनावा, ईश्वरपुर एवं चिलबिला में बैठक कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

समाजसेवी रोशनलाल ने उमरवैश्य धर्मशाला में उमरवैश्य समाज के जिले के सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाते हुए सभी को जिम्मेदारी दी कि अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए जनमानस को प्रेरित करें। जिससे जिलाधिकारी महोदय की आवाहन पर शत प्रतिशत मतदान हो। इससे जिले के गौरव के साथ लोकतंत्र भी मजबूत होगा। सभी मतदाताओं ने नारे लगाकर 25 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। भैया-भाभी भूल न जाना मतदान करने जरूर जाना, पहले मतदान फिर जलपान के नारे लगाते हुए भ्रमण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गुलाबचंद, महामंत्री शोभनाथ, कोषाध्यक्ष मदनलाल, कैलाश मैनेजर, विश्वनाथ उमरवैश्य, डॉ श्याम, हनुमान प्रसाद, जवाहरलाल, अजय कुमार, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि को मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।


मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शपथ दिलाते पदाधिकारी।

### संतोष कुमार के निधन पर जताया शोक

**प्रतापगढ़।** राजर्षि टण्डन इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां), प्रतापगढ़ प्रबंध समिति की एक आकस्मिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राम लखन मिश्र व संचालन विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने किया। बैठक में विद्यालय प्रबन्ध समिति की साधारण सभा के सदस्य एडवोकेट संतोष कुमार श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख जताया गया, और दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इस दौरान प्रबंधक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने कहा कि संतोष कुमार श्रीवास्तव जी बेहद नेकदिल इंसान थे। उनके निधन से हमारे विद्यालय परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है, जिसे भविष्य में कभी पूरा नहीं किया जा सकता। हमारा विद्यालय परिवार अत्यंत दुःखी है। बैठक में राम सहाय यादव, आनन्द कुमार पाण्डेय, नागेश्वर नाथ शुक्ल, कृपा शंकर पाण्डेय, माया देवी, मनोज कुमार तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, अखिलेश कुमार, मनीष कुमार यादव, आशुतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे ।

# उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिये करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि 03 दिसम्बर 2024 हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जाते है।

इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण/अभिलेखों/प्रपत्रों के साथ 03 प्रतियों में अविलम्ब कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या 25 में जमा कर सकते है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गयी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु 12 श्रेणियों का निर्धारिण किया गया है जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिये, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिये सेवायोजकों को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्त्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवायें प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिये, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिये सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिये तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार निर्धारित किया गया है।

### सम्मान से नवाजे गये मेधावी, खुशी


सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला स्थित शोभा शिवदर्शन इण्टर कालेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य तेज प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट मेधावियों को माल्यार्पण व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। छात्रा प्रियांशु केसरवानी, कृष्णा केसरवानी, शिवा केसरवानी, श्वेता सरोज, सुहानी मौर्या, अंशिका सिंह एवं सचिन कोरी, प्रवीण सरोज, शिवराज सरोज, बृजेन्द्र सरोज, रणविजय सिंह को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस मौके पर कुलदीप, रामस्वरूप वर्मा, गया प्रसाद श्रीवास्तव, मनीष सिंह, प्रदीप शुक्ल, भूपेन्द्र सिंह आदि रहे।

### अज्ञात कारणों से खेत गेंहू की पराली में लगी आग

#### सैकड़ों बीघा की पराली के साथ किसानों का भूसा जल कर खाक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा इलाके के पूरे दल पत शाह गांव से सुरु हुई आग विकराल रूप धारण कर लिया जिससे सेमरा डीह कबीरपुर राघवपुर के गांव के किसानों के खेतों तक पहुंच गई। आग सूचना पर आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां आग पर पाया काबू सैकड़ो बीघा सहित खेत में मौजूद भूसा जलकर राख हो गया। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे नहर के किनारे आग लग आग धीरे धीरे पूर्व की दिशा में की तरफ हवाओं की तेज़ रफ्तार के चलते बड़ते हुए राघवा पुर गांव की तरफ़ बढ़ने लगी थोड़ी ही देर में चैतरफा आग नज़र आने लगी आग की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस के साथ दमकल गाड़ी के साथ सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते रहे थे। हवा के चलते आग बुझाने में असफल रहे। दो बजे के करीब फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां और मौके पर पहुंच आग को बुझाने में लगी रही चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से पूरे दलपत शाह निवासी ईश्व कुमार पाठक की ट्यूबवेल छप्पर के साथ धौरहरा निवास जवाहर गुप्ता मुन्नीलाल विश्वकर्मा जसराज गौतम आदि किसानों का खेत में पड़ा भूसा जलकर राख हो गया। चार घंटे तक ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा।

# कर्मयोगिनी फूला देवी की पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा कर्मठ समाजसेवी फूला देवी की पुण्य तिथि पर ग्राम सरायदली विकास खण्ड सदर में महिला-उत्थान विषय पर संगोष्ठी हुई। सर्वप्रथम फूला देवी के चित्र पर माल्यार्पण हुआ। उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने कहा कि फूला देवी का व्यक्तित्व बहुआयामी था।

आजीवन वे परिवार व समाज में जागृति पैदा करती रहीं। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि माताएं ईश्वर का विकल्प हैं। जन्म देने के अतिरिक्त वे पीढ़ियों का निर्माण भी करती हैं। फूला देवी आदर्श नारी थीं। संचालन अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मौर्य ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, पप्पू मिस्त्री, निर्मला देवी, उर्मिला देवी, नम्रता, आरती, आदर्श, अनुराग, श्रवण, हरिपाल, जोखू राम, राजबहादुर यादव, सीताराम विश्वकर्मा, दीपक, अमरनाथ, आनन्द आदिक ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



फूला देवी की पुण्यतिथि पर मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हुआ भण्डारा, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के हण्डौर पूरे शुक्लन में श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर गुरूवार की देर शाम सामूहिक भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भगवान बजरंगबली के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक सुंदरकाण्ड तथा हनुमान चालीसा के पाठ से भगवान बजरंगबली से सुख शांति की प्रार्थना की। आयोजन में भजन संकीर्तन के कार्यक्रम का संचालन अभय शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रधान वीरू सिंह, विधायक प्रतिनिधि राबिन पटेल, प्रतिभा सिंह, अभिषेक मिश्र, विकास मिश्र, इं. भूपेश त्रिपाठी, गणेश प्रताप सिंह, बबलू सिंह, मनोज तिवारी, संजय दुबे, प्रदीप सिंह, समाजसेवी संजय शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, बृजेश शुक्ल, नागेन्द्रभूषण शुक्ल, शिवांश शुक्ल, संजय उपाध्याय, राजकिशोर शुक्ल व राजेश शुक्ल आदि रहे।

## देवाधिदेव महादेव व बजरंगबली मंदिर स्थापना को लेकर हुआ महोत्सव, भजन व संकीर्तन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड मे शुक्रवार को मां चर्तुभुजी देवी मंदिर परिसर में देवाधिदेव महादेव के मंदिर का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भूमिपूजन हुआ। वहीं रेहुआ लालगंज पूरे जियन तिवारी में भी शुक्रवार को श्री बालाजी मंदिर स्थापना को लेकर भूमिपूजन में श्रद्धालुओं का जमघट दिखा। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने वार्ड के लोगों के साथ भगवान शंकर के मंदिर स्थापना का भूमिपूजन किया। संस्कृत विद्वान क्षितेन्द्र कुमार पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भूमिपूजन को लेकर भजन संकीर्तन में भी शिव आराधना में श्रद्धालु रमे दिखे। चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि लोक मंगल की कामना से भगवान शंकर के मंदिर की स्थापना से सुख व समृद्धि का वातावरण मजबूत हो सकेगा। इस मौके पर पं. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, शिवकुमार द्विवेदी, दिलीप पाण्डेय, विकास पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, राकेश तिवारी गुडडू, दिनेश सिंह आदि रहे। वहीं रेहुआ लालगंज के पूरे जियन तिवारी में श्री मेंहदीपुर बाला जी धाम मंदिर का भी भूमिपूजन विधिविधान से हुआ। मां चण्डिका धाम के आचार्य पं. बलभद्र शुक्ला ने मंत्रोच्चारण कर हनुमान जी महराज के महत्म्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक संदीप त्रिपाठी व प्रिया त्रिपाठी ने भूमिपूजन किया। सह संयोजक अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी ने महाप्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, आशीष तिवारी आदि रहे।

### चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पीडित पर प्राणघातक हमले को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी स्व0 रामलखन के पुत्र कृष्ण कुमार सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अप्रैल को सुबह साढे दस बजे रंजिश को लेकर गांव के रामदास के पुत्र संजय पाल तथा अवधेश व इनकी मां तथा पत्नी ने लाठी डण्डे से पीडित की मां पर हमला कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग, अधेड़ व तीन बकरी झुलसे

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लग गई। जिसमें बंधी तीन बकरी झुलस गई। वही एक अधेड़ भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना के घंटे भर बाद भी फायर ब्रिगेड कर्मि नहीं पहुंचे। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। पट्टी कस्बे के वार्ड नंबर दो के रहने वाले सत्यनारायण वर्मा के छप्पर में शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। धुआं उठता देख आस-पास के लोग मौके पर गए तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। लोगों के अथक प्रयास से आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन इस दौरान सत्य नारायण वर्मा व तीन बकरी उसके अंदर बंधी हुई थी जिसे बचाने के लिए गया हुआ था वह झुलस गया। छप्पर के अंदर लकड़ी आदि सामान रखे जाने के कारण आग विकराल रूप धारण कर लिया। फिरहाल लोगों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी गई। लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी जिसको लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला।

# लोकसभा चुनाव में 14 प्रत्याशियों में खरीदा नामांकन पत्र

## सपा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के विरोध में उनके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज चुनाव लड़ेंगे

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में कौशांबी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा शुक्रवार को नामांकन पत्र खरीदा गया है निर्वाचन कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी से विनोद सोनकर समाजवादी पार्टी से पुष्पेंद्र सरोज शैलेंद्र कुमार बांकेलाल मुन्नालाल राम आसरे आदिल कुमार रामेश्वर प्रसाद पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज प्रमोद कुमार श्याम जी राधेश्याम मितेश चंद्र सोनकर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कुमार सहित 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पहले दिन खरीदा है खरीदे गए नामांकन पत्र के मुताबिक समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के विरोध में उनके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज चुनाव लड़ेंगे विभिन्न राजनीतिक दल के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है।



### शनिवार रविवार को नहीं होगा दाखिल नामांकन-पत्र

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 50-कौशाम्बी, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों को सूचित किया है कि दिनांक 27 अप्रैल 2024 को चतुर्थ शनिवार एवं दिनांक 28 अप्रैल 2024 को दिन रविवार होने के कारण नामांकन-पत्र दाखिल नहीं होंगा।

## लोगों के बीच रुपया बांट करके बसपा प्रत्याशी ने उड़ाई आचार संहिता की धज्जियां



**कौशांबी।** लोकसभा प्रत्याशियों के द्वारा जिले में अचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है संदीपन घाट थाना के चंदवारी मूरतगंज में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया था जनसभा में पहुंचे भीड़ के बीच बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष के द्वारा खुलेआम लोगों के बीच रुपया बाँटा गया है कार्यक्रम स्थल के पास लग्जरी वाहन खड़ा कर लोगों को रुपया बाटते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ जिसमें रुपया लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी है लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित की गई रैली में चारो तरफ पैसा ही पैसा वितरण किया गया है।

**तीन नामजद चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज :** बहुजन समाज पार्टी के कार्यक्रम के दौरान रुपए बांटने की सोशल मीडिया की खबर को संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने जांच करायी तो वायरल वीडियो थाना संदीपन घाट अन्तर्गत मूरतगंज, चंदवारी का होना पाया गया जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 124/24 धारा 171बी/171एच भादवि व 123(1) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 बनाम महेश चौधरी रतेश वा विजय पता अज्ञात वा 4. अन्य नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया डीएम ने कहा कि दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग



**अझुवा कौशांबी** सिराथू तहसील के ग्राम सभा डोरमा के मजरे डोलची में स्थित जय मां दुर्गे ब्रिक्स फील्ड के कार्यालय की दूसरी मंजिल में शार्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई आग लगने की सूचना पर भट्ठे में कार्य करने वालों और मालिकान में हड़कंप मच गया सूचना पर फायर ब्रिगेड कर्मियों संजय कुमार तिवारी ,विनोद कुमार मिश्रा,देवेंद्र प्रताप ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया मालिकान अभय प्रताप सिंह के अनुसार भट्ठे के कीमती कागजात सहित 20 लेंथ पाइप कुछ गृहस्थी का सामान जलकर खाक हुआ है।

### तालाबों में भराया गया पानी



**कौशाम्बी।** खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भावेश शुक्ला ने अवगत कराया है कि गर्मी के दृष्टिगत विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-राघवपुर, राला, नगियामई, कुण्ड्रावी, गोविन्दपुर गोरियों, रूपनारायणपुर गोरियां, जलालपुर टेंगाई, रामपुर सुहेला, जमालमऊ एवं बिदनपुर आमद करारी में स्थित तालाबों में पानी भराया गया।

### सराय अकिल में व्यापारी ने किया प्याऊ की व्यवस्था




**कौशांबी** विकराल गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में मोतीलाल स्वर्णकार ने निःशुल्क प्याऊ जल ठंडा पानी की व्यवस्था किया अप्रैल माह मे भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को गर्मी से बचने के लिए सराय अकिल के भगवती गंज में 21अप्रैल से लगातार निःशुल्क प्याऊ जल ठंडा आरओ का पानी की व्यवस्था किया गया है राहगीरों ने ठंडा पानी पीने के बाद मोतीलाल स्वर्णकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर में अभी तक किसी ने यह कार्य नहीं किया जो गर्मी से बचने के लिए राहगीरों को ठंडा जल की व्यवस्था किया हो समाजसेवी मोतीलाल स्वर्णकार प्रतिदिन राहगीरों को निशुल्क ठंडा पानी पिलाते नजर आते हैं प्रचंड गर्मी में रोजाना दूर दराज से बाजार आए हुए राहगीर निःशुल्क प्याऊ में आकर जल ग्रहण करते हैं जल ग्रहण करने के बाद ऐसे पुनीत कार्य के लिए आशीर्वाद देते अपने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए चले जाते हैं

### छात्राओं अध्यापिकाओं ने रंगोली के माध्यम से मतदान करने के लिए किया जागरूक



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के निर्देशानुसार एवं प्रभारी अधिकारी स्वीप/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, स्वीप के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनपद के मतदाताओं को 20 मई 2024 को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसी श्रृंखला में आज प्राथमिक विद्यालय भड़ेसर की छात्राओं/अध्यापिकाओं ने रंगोली के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे पलटी ऑटो पिता पुत्र घायल



**कौशाम्बी।** बारा कनेली ब्लॉक के कौशाम्बी थाना अंतर्गत दुल्हनियापुर गांव के पास गुरुवार की रात्रि लगभग 11 बजे एक ऑटो बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे मे ऑटो पर सवार पिता पुत्र घायल हो गए जब कि इसी ऑटो में बैठा मे तीसरा व्यक्ति बाल -बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार बारा ब्लॉक के कोरॉव खास गॉव के रहने वाले लालता प्रसाद पुत्र छेदी लाल अपने पुत्र जीतेन्द्र कुमार के साथ ऑटो मे बैठकर किसी वैवाहिक कार्यक्रम मे सम्मिलित होने जा रहे थे। अचानक दुल्हनिया पुर के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित दोपहिया वाहन को बचाने के चक्कर मे इनका ऑटो पलट गया जिससे पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। उसी ऑटो मे बैठा तीसरा व्यक्ति जो साफ साफ बच गया था, समझदारी दिखाते हुए तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी कनेली मे भर्ती करवाया जहाँ से लालता प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया

### कोखराज थाना के सामने कंप्यूटर सेंटर में सेंध मारकर इनवर्टर, बैट्रा नगदी किया पार



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है, चोरों ने पुलिस थाना के पास के कंप्यूटर सेंटर में सेंध मारकर इनवर्टर, बैट्रा और नगदी पार कर दिया,सुबह दुकानदार ने दुकान खोला तो उसके होश उड़ गए,घटना की सूचना पुलिस को दी गई,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोखराज थाना के सामने भरवारी रोड पर प्रवीण कुमार यादव ने कंप्यूटर सेंटर और शादी कार्ड प्रिंटिंग की दुकान खोल रखी है,बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे सेंध मारकर इनवर्टर,बैट्री और 3000 नगद पार कर दिया,सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुआ,चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कुछ दिन पहले थाने के सामने नाश्ते की दुकान गोमती में आग लगा दी गई थी जिससे दुकान जल कर खाक हो गयी थी इस मामले का भी खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

### व्यय प्रेक्षक बने विनय कुमार थामी

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकसभा क्षेत्र-50 कौशाम्बी (सुरक्षित) में व्यय अनुवीक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी का जनपद में आगमन दिनांकः 26.04.2024 को हो गया है, अवस्थान स्थल काशीराम गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या-02 (यमुना) ओसा मंझनपुर कौशाम्बी में है व्यय प्रेक्षक का सम्पर्क दूरभाष न0-8931079415 है।

### नरेंद्र कुमार सरोज होंगे पीडीएम प्रत्यासी

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में पीडीएम ने कौशांबी से प्रत्याशी घोषित कर दिया है अपना दल के गुट और ओवैसी के गठबंधन से यह संगठन बना है कौशांबी सुरक्षित से नरेंद्र कुमार सरोज प्रत्याशी बनाए गए हैं पीडीएम ने अपनी तीसरी लिस्ट जारी की है।

## शादी का सामान लेने जा रहे हैं ई रिक्शा सवार को कोतवाल की गाड़ी ने मारी टक्कर तीन लहूलुहान



**कौशाम्बी।** सिराथू बाजार से शादी का सामान खरीदने जा रहे ई-रिक्शा सवार को करनपुर चौराहे के पास सैनी कोतवाल की गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे ई रिक्शा सड़क पर पलट गया है उसमें सवार लोग घायल हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने बचाव एवं राहत शुरू कर दिया और मामले की सूचना एंबुलेंस 108 को दिया घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस 108 के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती कराया गया है जहां घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है इस हादसे में राजू सिंह उम्र 31 वर्ष पुत्र जवाहर लाल निवासी हटवा मिथिलेश कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र रोशल लाल निवासी फैजीपुर और मुकेश कुमार उम्र 30 वर्ष पुत्र राम भवन निवासी जलालपुर टेंगाई गंभीर रूप से घायल हैं खबर लिखे जाने तक सैनी कोतवाल के गाड़ी चालक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

## भाजपा की सरकार बनी तो अपराध अत्याचार घोटाले से आम जनता करने लगेगी त्राहि त्राहि : आशीष मिश्रा

**कांग्रेस नेता आशीष मिश्रा ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी को जिताना प्रत्येक कांग्रेसी की जिम्मेदारी**

**इंडिया गठबंधन के समर्थन में लोकसभा चुनाव फतह करने की कांग्रेस ने बनाई रणनीति**

**कौशांबी।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक कर रणनीति बनाई है कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा उर्फ पप्पू ने कहा कि 2014 और 2019 जैसी गलती आगे नहीं करनी है। केंद्र में धोखे से भी भाजपा गठबंधन की सरकार बनी तो महंगाई, बेरोजगारी शीर्ष पर पहुंच जाएगी। नौकरियों में व्यापक घोटाला होगा। महिलाओं का जीना मुहाल हो जाएगा। भाजपा की सरकार बनी तो अपराध अत्याचार घोटाले से आम जनता त्राहि त्राहि करने लगेगी शुक्रवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सैनी बाजार में आशीष मिश्रा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी इंडिया गठबंधन को वोट करने और करवाने के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कौशांबी के लोग अब जातिगत टिप्पणी करने वालों से ऊब गए हैं। सांसद विनोद सोनकर का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वो पूरे दस साल सर्वसमाज को नीचा दिखाने में ही लगे रहे। विकास के बजाए भोले भाले लोगों की जमीनें कब्जा की हैं। अब इसका वीडियो भी प्रसारित हो रहा है। कांग्रेस नेता ने सभी को कौशांबी में साइकिल दौड़ने की शपथ दिलाई। बोले, नेतृत्व ने यह सीट सपा को दी है तो गठबंधन उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज को भारी बहुमत से जिताकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजना सभी कांग्रेसियों की जिम्मेदारी है। इसके लिए कांग्रेसी अब दिन रात एक कर दें। गांव गांव गली गली जाकर आम जन को बताएं कि देश में इंडिया गठबंधन मजबूत हुआ तो जनता मजबूत होगी और भाजपा आई तो उद्योगपतियों का विकास होगा। इस मौके पर बरसाती लाल पंडा, शशि प्रताप त्रिपाठी, कौशलेश द्विवेदी, राजकुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विधवा महिला की जमीन पर जेठ ने किया कब्जा, नहीं मिल रहा पुलिस से न्याय

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के चक एलई उर्फ बक्शी पार गांव में लल्लू पाठक के मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल और तेज कृष्णा पाठक दो पुत्रों में एक पुत्र तेज कृष्णा पाठक की मौत हो गयी उनके बड़े पुत्र मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने लल्लू पाठक की संपूर्ण जमीन पर कब्जा कर लिया है वृद्ध लल्लू पाठक सोचने समझने और निर्णय लेने की क्षमता खो चुके हैं लेकिन उनकी जमीन पर दान पत्र लिखवाकर कब्जा कर लिया मामले को लेकर तहसीलदार की अदालत में मुकदमा दाखिल हुआ जिससे दान पत्र का दाखिल खारिज नहीं हो सका और जमीन मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल के नाम नहीं दर्ज हुई लेकिन फिर भी मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने जबरिया जमीन पर कब्जा कर लिया करोड़ों की संपत्ति के मालिक होने के बाद अब लल्लू प्रसाद असवा गांव में अपने बेटे मनोज पाठक के ससुराल में दुख भरी जिंदगी जी रहे हैं लल्लू पाठक की पत्नी कालिंदी देवी के हिस्से की जमीन पर भी बड़े बेटे मनोज उर्फ बोधन लाल ने जबरिया कब्जा कर लिया है माता-पिता दोनों की संपत्ति में कब्जा करने के बाद मनोज पाठक ने दोनों को बेदखल कर दिया जबकि बृद्ध महिला कालिंदी देवी ने बड़े बेटे को अपनी जमीन नहीं दी है कहीं भी लिखा पढ़ी नहीं है लेकिन फिर भी जबरिया कब्जा किया जा चुका है मजबूरन में लल्लू पाठक की पत्नी कालिंदी देवी अपनी बेटी के घर पर जिंदगी के दिन गुजार रही है बेटे तेज कृष्णा पाठक की मौत होने के बाद उसकी विधवा पत्नी रेखा पाठक को भी सास ससुर की संपूर्ण संपत्ति से रेखा के जेठ मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने बेदखल कर दिया है लल्लू ने दोनों बेटों को संपत्तियों में हिस्सा दिया था विधवा रेखा जब अपने पति तेज कृष्णा पाठक के हिस्से की जमीन पर हिस्सा बटवारा मांगती है तो उसके साथ जेठ द्वारा कई बार मारपीट की जा चुकी है मामले को लेकर विधवा रेखा पाठक पुलिस चौकी टेवा के चौखट पर पहुंची मामले की शिकायती पत्र दिया लेकिन विधवा रेखा पाठक के शिकायती पत्र पर पुलिस ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है जिस पर रेखा पाठक ने 19 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन जांच के नाम पर टेवा चौकी पुलिस जमीन कब्जा करने वाले मनोज पाठक का साथ दे रही है और विधवा महिला को न्याय नहीं मिल रहा है लल्लू पाठक की वृद्ध पत्नी कालिंदी देवी भी अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए पुलिस को शिकायती पत्र दे चुकी है लेकिन कालिंदी देवी की जीवित होते हुए उसकी जमीन पर उसके बेटे मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने कब्जा कर लिया है और कालिंदी देवी को जमीन पर काबिज नहीं होने दे रहे हैं तेज कृष्णा पाठक की विधवा पत्नी रेखा पाठक का कहना है कि उनके ससुर लल्लू पाठक की जमीन गलत तरीके से दान पत्र में लिखाने के बाद उन्हें कैद कर लिया गया है इस मामले की भी शिकायत हुई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

## पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार के दावेदारी के बाद बिगड़ी प्रत्याशियों की गुणा गणित

**शैलेंद्र कुमार की दावेदारी के बाद जिताऊ प्रत्याशियों को दिखाई पड़ने लगी है हार**

**भरवारी कौशाम्बी।** द्वाबा क्षेत्र की धरती में पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार और उनके पिता तत्कालीन गृह मंत्री धर्मवीर का राजनीतिक क्षेत्र में वर्चस्व था शैलेंद्र कुमार तीन बार द्वाबा कौशांबी से सांसद रह चुके हैं। अब वह जनसत्ता दल प्रमुख पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के बेहद करीबी माने जाते हैं लोकसभा कौशांबी क्षेत्र में कुंडा के राजा का दबदबा है लोकसभा 2024 के चुनाव में पूर्व शैलेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र खरीद कर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की धड़कनें तेज कर दी है शैलेंद्र कुमार की दावेदारी के बाद जीते प्रत्याशियों को हार दिखाई पड़ने लगी है। प्रतापगढ़ की बाबागंज और कुंडा विधानसभा सीट से लोकसभा चुनाव में राजा समर्थक शैलेंद्र कुमार को जिताऊ वोट मिला है। 2019 के लोकसभा चुनाव का आंकड़ा देखें तो बाबागंज में शैलेंद्र को 53845, भाजपा के विनोद सोनकर को 50347 और सपा के इंद्रजीत को 39297 वोट मिला था। इसी तरह कुंडा सीट पर शैलेंद्र को दो गुना के करीब 82252, विनोद सोनकर को 43880 तो इंद्रजीत को 44903 मत मिला था। यह चुनाव शैलेंद्र ने जनसत्ता दक के टिकट पर ही लड़ा था। सियासत के जानकारों का कहना है कि अबकी पीडीएम का साथ मिला तो मुस्लिम, दलित तथा पिछड़ा वोट भी शैलेंद्र को मिल सकता है। इस तरह कौशांबी लोकसभा की दो विधानसभा कुंडा और बाबागंज सीटों पर भी उनकी स्थिति पहले से मजबूत है पीडीएम का साथ मिलने के बाद कौशांबी के चायल मंझनपुर और सिराथू विधानसभा में भी राजा समर्थक शैलेंद्र की स्थिति मजबूत होगी जिससे स्थिति साफ है कि पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार बड़े-बड़े धुरंधरों की गणित बिगाड़ने में भी सक्षम होंगे। हालांकि, 2019 के चुनाव में शैलेंद्र कौशांबी की तीनों विस सीटों पर हारे थे। उन्हें सिराथू में 7032, मंझनपुर में 6958 और चायल में 6182 मत से ही संतोष करना पड़ा।

### सकिपा उतारेगी लोकसभा प्रत्याशी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी कौशांबी लोकसभा सीट से जल्द ही अपने उम्मीदवार का ऐलान करेगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी कौशांबी सीट से मजबूत उम्मीदवार उतारेगी और जीत हासिल करेगी। अजय सोनी ने समूचे लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि जनहित और किसानहित में आवाज बुलंद करने के लिए समर्थ किसान पार्टी के उम्मीदवार को चुनें ताकि कौशांबी लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो सके और लोगों की समस्यायों का समाधान हो। अजय सोनी ने कौशांबी लोकसभा क्षेत्र की जनता पर भरोसा जताते हुए कहा कि कि यहां के मतदाता जागरूक है और बदलाव लाना चाहते हैं। आगे कहा कि मुझे आशा है कि समर्थ किसान पार्टी के पक्ष में मतदान कर यहां के पूज्य मतदाता परिवर्तन लायेंगे।

## बृद्ध पति को कैद से मुक्त कराने की गुहार लगा रही है वृद्ध महिला

**अखंड भारत संदेश**

**बिना दाखिल खारिज दान देने वाले की जमीन पर कब्जा कहां तक न्यायोचित, बिना दाखिल खारिज के जमीन पर कब्जा करने वाले को चौकी पुलिस मान रही है ईमानदार उसका दे रही है साथ**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एलई उर्फ बक्शी पार गांव की 85 वर्ष की बृद्ध महिला कालिंदी देवी के अस्वस्थ पति लल्लू पाठक उम्र 86 वर्ष की संपूर्ण संपत्ति उनके बड़े बेटे मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने कैद करके दान पत्र लिखा लिया है लल्लू पाठक को बेटी दामाद के घर घर कैद कर दिया गया है जहां वह कष्ट भरी जिंदगी जी रहे हैं बृद्ध पत्नी कालिंदी देवी अपने बृद्ध पति लल्लू पाठक से नहीं मिल पा रही है हालांकि दान पत्र के बाद इस जमीन का दाखिल खारिज नहीं हुआ है मुकदमा तहसीलदार मंझनपुर के न्यायालय में विचाराधीन है दाखिल खारिज न होने के बाद भी लल्लू पाठक की संपूर्ण जमीन पर बलपूर्वक मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल ने जबरिया कब्जा कर लिया है महिला कालिंदी देवी का कहना है कि उसके पति लल्लू पाठक को बंधक बनाकर जमीन दान पत्र में लिखाई गई और वह हकीकत ना बता दें इसलिए उनके पति को बंधक बनाया है जिसमें उनके बड़े बेटे मनोज पाठक के साथ उनके बेटे का साला भी इस अपराध में शामिल है कालिंदी देवी पुलिस चौकी टेवा थाना मंझनपुर से लेकर के पुलिस अधीक्षक तक शिकायती पत्र दे चुकी है लेकिन लल्लू पाठक को कैद किए जाने के मामले में पुलिस ने उसे आजाद कराकर स्वतंत्र तरीके से उसका बयान लेकर के मामले की सच्चाई नहीं उजागर किया है उम्र अधिक होने के चलते कालिंदी देवी पुलिस की चौखट पर बार-बार फरियाद लेकर नहीं पहुंच पाती है जिसका फायदा उसका बड़ा बेटा और बेटे के साले उठाते हैं और चौकी पुलिस भी जमीन दान पत्र में लिखाने वाले बड़े बेटे मनोज पाठक उर्फ बोधन लाल के बयान को दर्ज करके महिला के शिकायती पत्र का निस्तारण कर देती है लल्लू ने यदि स्वेच्छा से दान दिया होता तो वह खुलेआम अपने घर में रहता लेकिन वह अपने घर में नहीं रह पा रहा है जिससे दान पत्र पर सवाल खड़े हो गए हैं और इसी के चलते दान पत्र का दाखिल खारिज नहीं हुआ है बिना दाखिल खारिज किए दान देने वाले की जमीन पर कब्जा किया जाना कहां तक न्यायोचित है लेकिन पुलिस बिना दाखिल खारिज के जमीन पर कब्जा करने वाले को ईमानदार मान रही है और उसका साथ दे रही है चौकी पुलिस के कारनामे की जांच कराए जाने की जरूरत है जिससे बृद्ध महिला को न्याय मिल सके।

## देश का कानून ऐसा बने अफसर नेता और आम जनता में हो समानता

**अखंड भारत संदेश**

**करोड़ों के भ्रष्टाचार की संपत्ति मिलने के बाद जप्त की जाए बेईमानो की संपूर्ण संपत्ति**

**बदल जाएगी देश की तस्वीर सुधर जाएंगे भ्रष्टाचार में लिप्त अफसर और नेता**

**कौशाम्बी।** लोकतंत्र के देश में अफसर नेता और आम जनता के बीच में समानता लाने की जरूरत है लेकिन अभी देश में नेता अफसर और आम जनता के बीच समानता नहीं दिखाई पड़ रही है जहां कुर्सी पाते ही अफसर करोड़ो अरबो में खेलने लगते हैं और आम जनता को कीड़े मकोड़े समझते हैं वही चुनाव जीतने के बाद नेता जनप्रतिनिधि घमंड में इस कदर से चूर हो जाते हैं उन्हें आम जनता से कोई मतलब नहीं होता है चुनाव के समय मंच से बड़ी-बड़ी बात कर आम जनता को ठगने के लिए यह नेता निर्लज्जता छोड़कर बार बार चुनाव मैदान में आ जाते हैं अपनी पिछली बातों से ही इन नेताओं को मुकरने में तनिक शर्म संकोच नहीं लगता है लेकिन हकीकत यह है कि चुनाव जीतने वाले यह नेता आम जनता को केवल उपयोग की वस्तु समझते हैं इससे आम जनता का विकास नहीं हो रहा है आम जनता दर-दर की ठोकर खा रही है खुलेआम न्याय और कानून की धज्जियां उड़ रही है खुलेआम बहन बेटियों की आबरू लूटी जा रही है हत्या लूट की घटनाओं से आम जनता परेशान है अफसर नेता के गठजोड़ से आंकड़ों का खेल खेला जा रहा है उसके बाद भी आम जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि सरकार और अधिकारियों की तरफदारी करने से बाज नहीं आते हैं जिससे इन नेताओं की मक्कारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। देश के कानून में बदलाव कर आम जनता नेता और अफसर को एक श्रेणी में ले जाने की जरूरत है जिन नेताओं अफसर के पास कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति अर्जित हुई है उनकी जांच कराए जाने के बजाय उनकी संपूर्ण संपत्ति देश हित में जप्त कर उन्हें सबक सिखाए जाने की जरूरत है जैसे छोटे-छोटे मामलों में शिकायत होने के बाद बिना अदालत की कार्यवाही पूर्ण हुए आम जनता के घरों में योगी सरकार का बुलडोजर चलने लगा है वैसे ही अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले अफसर नेताओं के मामले में अदालत के कार्यवाही पूर्ण होने का इंतजार करना आम जनता के साथ नाइंसाफी होगी इन नेताओं अफसरो द्वारा भ्रष्टाचार से अर्जित की गई संपत्तियों के साथ देश हित में इन नेताओं अफसरो की संपूर्ण संपत्ति तत्काल जप्त किया जाए तभी नेता अफसर और आम जनता में समानता होगी। रामराज की बात करने वाले योगी मोदी के सरकार में भी अफसरो नेताओं के भ्रस्ट कारनामों पर शिकायत के बाद भी जांच नहीं होती है जबकि योगी मोदी के सरकार में उनके नेता और अफसर की संपत्तियां अचानक बड़ी तेजी से बढ़ी हैं शिकायतें भी तमाम हुई हैं लेकिन शिकायतों पर कार्यवाही नहीं हुई है जिससे तेजी से अपराध बढ़े हैं।

आम जनता परेशान है कार्यालय में केवल मीटिंग के नाम पर काजू बादाम खाकर ठंडा पानी पीकर समय ब्यतीत किया जा रहा है अधीनस्थों के सहारे पूरी कानून व्यवस्था अफसर द्वारा चलाई जा रही है जनप्रतिनिधि इन अफसरो का समर्थन करते देखे जाते हैं और अधीनस्थ दोनों हाथ से वसूली में मशगूल दिखाई पड़ रहे हैं निम्न श्रेणी के कर्मचारी भी कुछ वर्षों में करोड़ों संपत्ति के मालिक हो गए हैं अवैध कमाई में मशगूल कर्मचारियों की तरफदारी करते अफसर नेता दिखाई पड़ते हैं जिससे अफसर नेता के इस रैकेट में शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता एक नेता का तो साला बीते 10 वर्षों से भ्रष्टाचार की कमाई में बड़े अफसरो से हिस्सा वसूली में शामिल है। लोकतंत्र व्यवस्था में आम जनता को सर्वोपरि स्थान दिया गया है लेकिन अधिकारियों नेताओं के कार्यालय में फरियाद लेकर जाने वाली आम जनता के साथ अपेक्षा पूर्ण बर्ताव किया जाता है अफसर नेता एयर कंडीशनर रूम में बड़ी-बड़ी कुर्सियों में बैठकर बंद बोतल का पानी पीकर काजू बादाम खाते हैं और जनता उनसे मिलने के इंतजार में बाहर घंटो खड़ी रहकर अपनी फरियाद बताने के लिए बेचैन रहती है अफसर नेता के कार्यालय में आम जनता को बैठने के लिए स्थान नहीं दिए जाते हैं आखिर जब देश की जनता सर्वोपरि है तो फिर अफसर नेताओं के बराबर आम जनता को कार्यालय में सम्मान क्यों नहीं दिया जाता है आम जनता की फरियाद को सुनने के बाद उसके निस्तारण में तत्काल कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है केवल समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की बयान बाजी अफसर और नेताओं द्वारा की जा रही है जमीनी हकीकत में समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण होता नहीं दिख रहा है योगी सरकार का आइजीआरएस पोर्टल तो केवल बकवास साबित हुआ है अफसर और नेताओं के गठजोड़ के चलते आम जनता को न्याय ना मिलने से अपराध बढ़ते जा रहे हैं देश की तस्वीर बदलनी है तो अफसर नेता और जनता में समानता लाना होगा।

### साजिश करके बैंक प्रबंधक ने ग्राहक का हड़पा रुपया

**रुपए निकालने के बाद अचानक बैंक से रुपया गुम हो जाने पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने से बैंक मैनेजर ने खड़े किए हाथ**

**हर्रायपुर कौशाम्बी** बड़ौदा पूर्वी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मूरतगंज के मैनेजर से बैंक ग्राहक परेशान है बैंक से रुपया निकालने के बाद ग्राहक की रकम गायब हो गयी है सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने की बात पर शाखा प्रबंधक आग बबूला हो गए जिससे बैंक से गायब रकम होने के पीछे शाखा प्रबंधक की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं बैंक ग्राहकों से आए दिन अभद्रता करना मैनेजर की दिनचर्या में शामिल है। जानकारी के मुताबिक लवलेश कुमार मौर्य बड़ौदा पूर्वी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मूरतगंज की शाखा से रुपए निकालने गए थे रुपए निकालने के बाद अचानक उनका रुपया बैंक में गुम हो गया काफी खोजबीन की रुपया ना मिलने के बाद बैंक ग्राहक लवलेश बैंक मैनेजर के पास गया बैंक मैनेजर से कहा कि सीसीटीवी फुटेज चेक कर लीजिएगा जिससे मेरा रुपया मिल सके बैंक मैनेजर का कहना है आम जनता के लिए सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है उनका कहना है कि बैंक के अंदर लगा सीसीटीवी कैमरा बैंक कर्मियों के लिए है आखिर ग्राहक का बैंक में रुपया गायब हो जाए और बैंक ग्राहक के लिए सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया तो किसके लिए लगाया गया यह जांच का विषय है सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने की बात करने पर बैंक ग्राहक के साथ बैंक प्रबंधक अभद्रता से पेश आए है बैंक प्रबंधक के बर्ताव से ग्राहकों में आक्रोश ब्याप्त है और ग्राहकों ने कहा है कि ग्राहक द्वारा निकाला गया रुपया बैंक प्रबंधक के लोगों ने साजिश करके हड़प लिया है जिससे सीसीटीवी की फुटेज दिखाने में बैंक मैनेजर भाग रहे हैं।

## संपादक की कलम से

## निजी स्वास्थ्य सेवा में सुधार की तत्काल आवश्यकता

जनहित में निजी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के इन उपायों को एक लोक-केंद्रित सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में देखना चाहिए जो सार्वजनिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर आधारित हो और जरूरत पड़ने पर विनियमित निजी प्रदाताओं को भी शामिल किया जा सकता है।

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर सम्बंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती।

गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है। और यह संख्या हर साल बढ़ रही है,खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य हाल ही में जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है।

**पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण**

भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं। अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं – न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है। लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए। यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।

बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48फीसदी) में सरकारी अस्पतालों (14फीसदी) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15फीसदी अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में ये कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं: प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार; चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकार; दूसरी राय लेने का अधिकार; पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकार; गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकार; और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

## जल संकट के बढ़ते खतरे

विनीत नारायण

बेंगलुरु में भीषण पेयजल संकट पिछले कुछ दिनों से अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बन रहा है। हाल ही में कर्नाटक के मुख्य मंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि बेंगलुरु को हर दिन 500 मिलियन लीटर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो शहर की दैनिक कुल मांग का लगभग पांचवां हिस्सा है। सीएम ने कहा कि बेंगलुरु के लिए अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। हालाँकि, पानी की कमी केवल बेंगलुरु तक ही सीमित नहीं है, और न ही यह केवल पीने के पानी की समस्या है। संपूर्ण कर्नाटक राज्य, साथ ही तेलंगाना और महाराष्ट्र के निकटवर्ती क्षेत्र भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका अधिकांश संबंध पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा और इस क्षेत्र में भूमिगत जलभृतों की प्रकृति से है। अरबों-खरबों रूपया जल संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन पर आजादी के बाद खर्च किया जा चुका है। उसके बावजूद हालत ये है कि भारत के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र चेरापूंजी (मेघालय) तक में पीने के पानी का संकट है। कभी श्रीनगर (कश्मीर) बाढ़ से तबाह होता है, कभी मुंबई और गुजरात के शहर और बिहार-बंगाल का तो कहना ही क्या। हर मानसून में वहां बरसात का पानी भारी तबाही मचाता है। दरअसल, ये सारा संकट पानी के प्रबंधन की आयातित तकनीकि अपनाने के कारण हुआ है। वरना भारत का पारंपरिक ज्ञान जल संग्रह के बारे में इतना वैज्ञानिक था कि यहां पानी का कोई संकट ही नहीं था। पारंपरिक ज्ञान के चलते अपने जल से हम स्वस्थ रहते थे। हमारी फसल और पशु सब स्वस्थ थे। पौराणिक ग्रंथ हरित संहिता में 36 तरह के जल का वर्णन आता है। जिसमें वर्षा के जल को पीने के लिए सर्वोत्तम बताया गया है और जमीन के भीतर के जल को सबसे निकृष्ट यानि 36 के अंक में इसका स्थान 35वां आता है। 36वें स्थान पर दरिया का जल बताया गया है। दुर्भाग्य देखिए कि आज लगभग पूरा भारत जमीन के अंदर से खींचकर ही पानी पी रहा है। जिसके अनेकों नुकसान सामने आ रहे हैं। पहला तो इस पानी में फ्लोराइड की मात्रा तय सीमा से कहीं ज्यादा होती है, जो अनेक रोगों का कारण बनती है। इससे खेतों की उर्वरता घटती जा रही है और खेत की जमीन क्षारीय होती जा रही है। लाखों हेक्टेयर जमीन हर वर्ष भूजल के अविवेकपूर्ण दोहन के कारण क्षारीय बनकर खेती के लिए अनुपयुक्त हो चुकी है। दूसरी तरफ इस बेदर्दी से पानी खींचने के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे घटता जा रहा है। हमारे बचपन में हैंडपंप को बिना बोरिंग किए कहीं भी गाढ़ दो, तो 10 फीट नीचे से पानी निकल आता था। आज सैकड़ों-हजारों फीट नीचे पानी चला गया। भविष्य में वो दिन भी आएगा, जब एक गिलास पानी 1000 रूपए का बिकेगा। क्योंकि रोका न गया, तो इस तरह तो भूजल स्तर हर वर्ष तेजी से गिरता चला जाएगा। आधुनिक वैज्ञानिक और नागरीय सुविधाओं के विशेषज्ञ ये दावा करते हैं कि केंद्रीयकृत टंकियों से पाइपों के जरिये भेजा गया पानी ही सबसे सुरक्षित होता है। पर यह दावा अपने आपमें जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। इसके कई प्रमाण मौजूद हैं। जबकि वर्षा का जल जब कुंडों, कुंओं, पोखरों, दरियाओं और नदियों में आता था, तो वह सबसे ज्यादा शुद्ध होता था। साथ ही इन सबके भर जाने से भूजल स्तर ऊंचा बना रहता था। जमीन में नमी रहती थी। उससे प्राकृतिक रूप में फल, फूल, सब्जी और अनाज भरपूर मात्रा में और उच्चकोटि के पैदा होते थे। पर बोरवेल लगाकर भूजल के इस पाश्विक दोहन ने यह सारी व्यवस्थाएं नष्ट कर दी। पोखर और कुंड सूख गए, क्योंकि उनके जल संग्रह क्षेत्रों पर भवन निर्माण कर लिए गए है। वृक्ष काट दिए गए। जिससे बादलों का बनना कम हो गया। नदियों और दरियाओं में औद्योगिक व रासायनिक कचरा व सीवर लाइन का गंदा पानी बिना रोकटोक हर शहर में खुलेआम डाला जा रहा है। जिससे ये नदियां मृत हो चुकी हैं। इसलिए देश में लगातार जलसंकट बढ़ता जा रहा है। जल का यह संकट आधुनिक विकास के कारण पूरी पृथ्वी पर फैल चुका है। वैसे तो हमारी पृथ्वी का 70 फीसदी हिस्सा जल से भरा है। पर इसका 97.3 फीसदी जल खारा है। मीठा जल कुल 2.7 फीसदी है। जिसमें से केवल 22.5 फीसदी जमीन पर है, शेष ध्रुवीय क्षेत्रों में। इस उपलब्ध जल का 60 फीसदी खेत और कारखानों में खप जाता है, शेष हमारे उपयोग में आता है यानि दुनिया में उपलब्ध 2.7 फीसदी मीठे जल का भी केवल एक फीसदी हमारे लिए उपलब्ध है।

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

**– ललित गर्ग –**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।



18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है।

प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?:

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

# केंचुआ किल्लोल के निहितार्थ




**@ राकेश अचल**
ॣ्रंहीरँ1959@ॣ्रद्व.ह्नें

आप अन्यथा न लें जब तक लोकतंत्र के साथ मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सात फेरे पूरे नहीं हो जाते मुझे विवश होकर सियासत के आसपास ही रहना पड़ रहा है। लोकतंत्र के साथ पहली भांवर के बाद से ही राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी थी आज लोकतंत्र की दूसरी भांवर है और इसके पहले केंचुआ यानि केंद्रीय चुनाव आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को नोटिस देकर ऐसी किल्लोल की है की आनंद आ गया। केंचुए ने कोशिश की है कि दुनिया और देश उसे पोपला, नख-दन्त विहीन न समझे, केंचुआ न माने।

केंचुआ किल्लोल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में माननीय प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल तक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। यानि केंचुआ ने इन दोनों के साथ वो व्यवहार नहीं किया जो कांग्रेस नेता सुरजेवाला के साथ किया था। दोनों दल आराम से दूसरे चरण के मतदान से फुरसत होकर तीसरे चरण के लिए भी चार दिन और बकलोल करने के लिए आजाद हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। तब तक केंचुआ प्रधानमंत्री जी और बकौल प्रधानमंत्री कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी के खिलाफ लत्तालपेड़ी कर लेगा। चुनाव आयोग की हिम्मत नहीं कि वो प्रधानमंत्री जी को दो-चार दिन के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक ले। चुनाव आयोग के पास र्प्धानमंत्री जी के हिन्दू-मुसलमान वाले बयान को गैरकानूनी साबित करने के लिए कलेजा है ही नहीं। केंचुआ केवल और केवल पिपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए अपने कथित अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है, जो वो करेगा। कांग्रेस को फिर नहीं बख्शा जाएगा और प्रधानमंत्री जी को भी केवल एक फर्जी एडवायजरी जारी की जाए सकती है।

अठारहवीं लोकसभा के लिए जो चुनाव हो रहे हैं वे एक विचित्र वातावरण में हो रहे हैं। इन चुनावों में न 1971 के चुनाव की तरह गरीबी हटाओ का मुद्दा है और न 1977 के आम चुनाव की तरह 'इंदिरा हटाओ' का मुददा। और तो और 2014 के आम चुनाव की तरह 'अच्छे दिन' भी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है।2024 के चुनाव में मुद्दा रोज बदल जाता है। भाजपा अपने चुनावी घोषणापत्र से हटकर बातें कर रही है। महाबली भाजपा के विश्वगुरु नेता जनता को लुभाने के बजाय डराने में लगे हैं। भाजपा की उपलब्धियां मतदाताओं को लुभाने के लिए कम पड़ रहीं हैं। मजबूर भाजपा नेताओं को कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस आयी तो आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा, पुश्तैनी सम्पत्ति सरकार जब्त कर लेगी या उसके ऊपर विरासत कर लगा देगी।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के लिए उतावली भाजपा और उसके नेताओं की सिट्टी-पिट्टी गुम है। वे अपने ट्रेक से हटकर कांग्रेस के ट्रेक पर नृत्य कर रहे हैं। अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराये बैठे रामलला के पास भी अब शायद भाजपा की मदद करने की फुरसत नहीं है। भाजपा सरकार का दस साल का विकास हवा-हवाई साबित हो रहा है। गौर करने वाली एक बात और है कि भाजपा पहले चरण के मतदान के बाद ही अपने बहुचर्चित '400 पार' के नारे को भी दुहराना भूल गयी है। शायद आरएसएस ने भाजपा को हटक दिया है। हालाँकि इन दिनों आरएसएस खुद मोदी जी की महाकृति के सामने बौना नजर आ रहा है। संघ को मोदी की वापसी में संदेह है। न होता तो संघ अपना शताब्दी समारोह अचानक टालने या न मनाने की घोषणा न करता।

बहरहाल आप तेल और तेल की धार देखिये / केंचुआ के नोटिस पर नजर रखिये और भाजपा तथा कांग्रेस के जबाब पर भी। सब जानते हैं कि 29 अप्रैल को इन दोनों दलों का उत्तर मिलने के बाद केंचुआ दोनों दलों की शिकायतों को दाखिल दफ्तर कर देगा। केंचुआ में इतनी ताकत है ही नहीं कि वो चुनाव आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वाले किसी भी बड़े नेता के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई कर पाए। आखिर चुनाव बाद केंचुआ प्रमुख को इसी देश में रहना है। दूसरे चरण के मतदान का रुझान अजगर होने के बाद आप देखेंगे की हिन्दू-मुसलमान के बाद अब नेता अश्रुपात करते नजर आएंगे। आंसू पहले महिलाओं का अंतिम अस्त्र हुआ करते थे, किन्तु अब नेताओं ने भी इसका इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। नेताओं को रोते हुए देखकर महिला मतदाता सबसे पहले द्रवित होते हैं। कभी-कभी पुरुष मतदाता भी झांसे में आ जाते हैं। उन्हें लगता है की मोदी जी जैसे महान नेताओं को रोने पर मजबूर किया जा रहा है। वैसे मोदी जी अश्रुपात की कला में भी दक्ष नेता हैं। चलिए कल फिर मिलेंगे आपसे।

## मतदान के दूसरे चरण में किसे बढ़त?

पहले चरण में संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया द्वारा बढ़त लेते हुए दिखने के बाद अब इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि 18वीं लोकसभा के लिये शुक्रवार को होने जा रहे मतदान के दूसरे चरण में कौन आगे निकल जायेगा। यह भी सवाल है कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) को नुकसान भरपाई करने का मौका मिलेगा या इंडिया इसके बाद ऐसी बढ़त बना लेगा कि भाजपा-एनडीए को उसकी बराबरी कर पाना मुश्किल हो जायेगा? राजनीतिक पर्यवेक्षकों तथा विश्लेषकों का मानना है कि अगर इंडिया ने इस राउंड में एनडीए को पहले जैसी टक्कर दी तो भाजपा का 370 व 400 सीटों के पार जाने का नारा तो हवा में उड़ ही जायेगा, उसे बहुमत (272 का आंकड़ा) के भी लाले पड़ जायेंगे। अनुमान कुछ ऐसे ही बतलाये जा रहे हैं।

एक सप्ताह पहले यानी 19 नवम्बर को 21 राज्यों की 102 सीटों के लिये मतदान हुआ था। अब 13 राज्यों की 88 सीटों के लिये मतदान होने जा रहा है। इस चक्र का महत्व सिर्फ इस लिहाज से नहीं है कि इसमें राहुल गांधी (वायनाड-केरल), अरूण गोविल (मेरठ-उत्तर प्रदेश), शशि थरूर (तिरुअनंतपुरम-केरल), कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक-मांड्या) आदि की प्रतिष्ठा दांव पर है या इस राउंड में 16 फीसदी सीटों के लिये लोग मतदान करेंगे, बल्कि वह इसलिये है कि अब लगभग सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि इसमें भी इंडिया को बढ़त मिलने की पूरी सम्भावना है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तो झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया की हुई विशाल रैली में दावा किया था कि पहले चरण में विपक्षी गठबन्धन को 80 से 90 सीटें मिल रही हैं। यह सभा वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। वैसे लोग यह दावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी प्रचार सभाओं में इस्तेमाल की जा रही भाषा से भी कर रहे हैं जिसके स्तर में अभूतपूर्व गिरावट दर्ज हुई है।

प्रथम चरण के मतदान के बाद ही मोदी ने अनेक ऐसी बातें कही हैं जिनसे न सिर्फ उनके पद की गरिमा और भी गिरी है वरन वह समाज के लिये ही खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रचार रैली को सम्बोधित करते हुए 18 वर्ष पहले दिये तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के उस बयान को तोड़-मरोड़कर उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश के संसाधनों पर पहला अधिकार भारत के वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि का है।' इस बयान को बड़े ही घृणित तरीके से प्रस्तुत करते हुए मोदी ने कहा कि 'अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंगलसूत्र छीनकर अधिक बच्चे वालों के बीच बांट दिये जायेंगे।' उनका इशारा मुस्लिमों की तरफ था। अगले दिन इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में यह कह दिया कि 'कांग्रेस की नजर आपकी सम्पत्ति पर है।' बुधवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में भी उन्होंने इसी आशय का भाषण दिया- बावजूद इसके कि उनके खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है।

एनडीए के सहयोगी अकाली दल ने भी इस पर आपत्ति जताई है। वैसे तो इस मामले पर उन्हें माकूल जवाब कांग्रेस के कई लोगों की ओर से मिल गया, साथ ही मनमोहन सिंह का असली बयान क्या है, यह भी सामने आ गया है। लोग जान गये हैं कि डॉ. सिंह ने 'मुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल ही नहीं किया था। वैसे तो कांग्रेस का न्याय पत्र (घोषणापत्र) जब जारी हुआ था, उसके दूसरे दिन ही मोदी ने इस पर 'मुस्लिम लीग की छाप' बतलाई थी। हालांकि यह कोई समझ नहीं पाया कि इसमें ऐसा क्या है जिससे मुस्लिम लीग का असर दिखे।

ऐसे ही, कांग्रेस को बदनाम करने के उद्देश्य से उन्होंने देश में संचार क्रांति लाने वाले सैम पित्रोदा के उस बयान को भी तोड़-मरोड़कर पेश किया जिसमें पित्रोदा ने विरासत टैक्स पर बात की थी। इसका सन्दर्भ व अवसर एकदम अलग था लेकिन मोदी उसका भी कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल करने से नहीं चूके। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विरासत टैक्स के नाम से जनता की सम्पत्ति लूट लेगी। स्वयं पित्रोदा ने इसका खंडन किया व अपने बयान को सही रूप में व्याख्यायित कर मोदी के छल को बेनकाब किया है। कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत की है। मोदी के लिये वैसे इससे बड़ा संकट कोई हो नहीं सकता क्योंकि उनके सारे दांव उल्टे पड़ रहे हैं और कांग्रेस व विपक्ष उनकी गलतबयानी व असत्य का लगातार पदार्फाश कर रहा है। इसका असर न सिर्फ मोदी बल्कि सभी भाजपा नेताओं की सभाओं में लोगों की घटती संख्या के रूप में दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं एवं इंडिया गठबन्धन की सभाओं में खचाखच भीड़ है।

# शक्ति की बात न्यारी है, चंडमुंड पर भारी है: प्रकाश पाल

### मानिकपुर विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने 48 बांदा लोकसभा के मानिकपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कृषक इंटर कालेज भौंरी में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में किया। शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि/क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रकाश पाल, विशिष्ट अतिथि हमीरपुर-फतेहपुर-बांदा लोकसभा प्रभारी/जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव, बांदा लोकसभा प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता, कर्वी विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी, भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह



क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का स्वागत करते भाजपाई व बूथ अध्यक्ष।

पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, लोकसभा सह संयोजक शिवशंकर सिंह, विधानसभा संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, उम्मीदवार प्रमुख शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रकाश पाल ने बूथ अध्यक्षों से कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ अपना-अपना बूथ जीतने को संकल्प ले। ये चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का है। हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर आरके सिंह पटेल बनकर चुनाव में सक्रिय प्रयास करें। हर बूथ पर सबको 370 वोट लाना है। हर बूथ में घर-घर जनसम्पर्क करना है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से कहा कि सबके प्रयास से मतदान होता है, भारत माता के माथे से कलंक का टीका धारा 370 हटती है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे बनता है, वन्दे भारत ट्रेन चलती है। पहाड़ी में डिफेंस कॉरिडोर बनने लगता है। राम वन गमन पथ बनता है। श्रीराम जी की जन्मभूमि में भव्य दिव्य मंदिर बनता है। जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि भाजपा निष्ठावान व त्यागी कार्यकर्ताओं को देखकर अभिभूत रहते हैं। जिस पार्टी के पास मोदी-योगी जैसा नेतृत्व हो, कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की सेना हो, वह हर हाल में विजयी होता है। सम्मेलन में स्वागत भाषण लवकुश चतुर्वेदी ने दिया। लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को खुद को प्रत्याशी मानकर महासमर मे उतरना होगा, तभी प्रधानमंत्री मोदी के दस वर्षों के सुशासन व विकास की बातों को समझाना होगा।

इस मौके पर अर्जुन शुक्ला, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, सुशीला वर्मा, चेयरमैन अमित द्विवेदी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, तीरथ तिवारी, अर्पित जायसवाल, शिवाकांत पांडे, हीरो मिश्रा, अखिलेश रैकवार, सुरेश अनुरागी, जयप्रकाश पांडेय, बाला जी, मोहनदास, मनीष सिह, शंकर दयाल जयसवाल, राजाराम पाल, रवि ओम प्रकाश मिश्रा, आशीष पांडे, अभिषेक ओझा, संतोष मिश्रा, राजीव तिवारी, संजय पांडे, ममता तिवारी, मुन्नालाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने खारिज की हत्यारोपी पति की जमानत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पत्नी की हत्या मामले में जेल में बंद पति की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी है।

शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने में नीरज कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई थी कि बहन मधु की शादी मऊ थाने के ताडी गांव के दुर्गादत्त त्रिपाठी से 24 साल पहले की थी। मधु को पति दुर्गादत्त आये दिन मारता- पीटता था। शिकायत पर जान से मारने की धमकी देता था। 28 मार्च 2023 को सवेरे 6.50 बजे मधु को पति दुर्गादत्त ने लाइसेंसी राइफल से मऊ के मकान में गोली मार दी। अस्पताल ले जाते समय स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज के डॉक्टरों ने मधु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपी पति दुर्गादत्त को जेल भेजा था। एक साल से जेल में बंद आरोपी ने मामले में अधिवक्ता के जरिये न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# थाने से जब दुम दबा कर भागा भाजपा सांसद का प्रतिनिधि

### सांसद प्रतिनिधि के गनर समेत बारातियों का ग्रामीणों ने उतार दिया भूत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट जनपद के सरधुआ थाने में पकड़े गए दहेज लोभियों को बचाने के लिए भाजपा सांसद का एक प्रतिनिधि थाने पहुंच गया जहां पुलिस ने उसे जमकर फटकार लगाई पुलिस की फटकार के बाद भाजपा सांसद का यह प्रतिनिधि दुम दबाकर थाने से भाग आया है।

कौशाम्बी जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीपुर गाँव से चित्रकूट जिले के सरधुआ थाना क्षेत्र के औदहा बरेठी गांव में गुरुवार को बारात आई थी बारात में दहेज की मांग पूरी नहीं होने के कारण दूल्हे के परिवार के लोगों ने जमकर बवाल किया वर पक्ष के लोगों ने लड़की के पिता और भाई को जमकर पीटा घटना की जानकारी होने के बाद गाँव के लोगों ने मिलकर बरातियों का भूत उतार दिया सांसद प्रतिनिधि के गनर की भी जमकर कुटाई हुई सरधुआ थाने में लड़की के पिता ने दहेज

### बारात के दौरान दहेज की मांग को लेकर जमकर हुआ बावल

उत्पीड़न और जानलेवा हमले की तहरीर दी दूल्हे का भाई रानीपुर गाँव के सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता का गनर है शुक्रवार को वर पक्ष की पैरवी करने के लिए सरधुआ थाना सांसद प्रतिनिधि पहुँचे तो भाजपा नेता को पुलिस ने जमकर लताड़ा पुलिस की लताड़ के बाद भाजपा नेता थाने से दुम दबाकर भाग गया।

# गुटखा माफिया के भतीजे ने युवती से की छेडखानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुटखा माफिया जुगराज केसरवानी के भतीजे राहुल केसरवानी पुत्र शारदा ने लिफ्ट देने के बहाने एक युवती से राजापुर कस्बे में छेड़खानी की। पीड़ित युवती ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कार्यवाही न होने से न्यायालय में 156(3) के तहत आवेदन दिया है।

शुक्रवार को युवती ने न्यायालय में दिये आवेदन में कहा कि राहुल केसरवानी पुत्र शारदा इलाहाबाद की ओर से राजापुर आ रहे थे। ओसा चैराहे के पास उसे राजापुर छोड़ने को थार गाड़ी में बैठा लिया। राहुल केसरवानी की गाड़ी राजापुर पहुंची तो उसने उसके प्राइवेट अंगों को छुआ। गाड़ी से नीचे उतरने को कहा। विरोध पर उसने कहा कि घटना का कहीं जिक्र किया तो बर्बाद कर दूंगा। युवती प्रयागराज से राजापुर अपने गांव जा रही थी। सोशल मीडिया सेल ने बताया कि पीडिता ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। स्त्री मर्यादा को ध्यान में रखते हुए पीडिता से पत्र मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

# चार लाख 32 हजार वर्ष है कलयुग की आयु: नवलेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य नवलेश दीक्षित ने कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र व शिव विवाह की कथा का रसपान कराया।

शुक्रवार को खोही स्थित भागवत पीठ में जारी श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भागवत भगवान ने सर्वप्रथम बांचा है। नारद मुनि ने सुना, नारद ने भगवान व्यास को सुनाया। व्यास जी ने शुकदेव व शुकदेव ने राजा परीक्षित को कथा सुनाई। उन्होंने



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

कहा कि नारद मुनि भगवान से मिलने को आतुर थे। तीसरे जन्म पर भगवान ब्रम्हा के पुत्र के बाद नारायण से मिले। कलयुग प्रथम चरण में है, कलयुग की आयु चार लाख 32 हजार वर्ष है। जब किसी भक्त को परेशानी होती है तो प्रभु संकट निवारण करते हैं। ध्रुव चरित्र के बारे में बताया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। भक्त की रक्षा को प्रभु ने अवतार लिया था। शिव विवाह की कथा में बताया कि पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने को तपस्या की। शिव-पार्वती का विवाह हुआ। आरती बाद भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया। कथा में सूरी माता समेत साधु-संत व श्रोतागण मौजूद रहे।

# पुलिस ने दम्पति में खत्म कराया विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह करा परिवार को टूटने से बचाया।

शुक्रवार को मऊ थाने की श्रीमती अंकिता सिंह पत्नी विशाल सिंह पुत्री शिवलोचन सिंह ने पति विशाल पुत्र मुन्नालाल द्वारिकापुरी किंग्शन स्कूल पर मारपीट, गाली-गलौज बाबत महिला थाना में पत्र दिया। थानाध्यक्ष ने शिकायत सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाना बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सविता सरोज, दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी व महिला सिपाही नीतू नायक शामिल रहे।

# वीआईपी सुरक्षा का एसपी ने कराया अभ्यास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण कर लोस चुनाव के मद्देनजर वीवीआईपी/वीआईपी कार्यक्रमों में सुरक्षा बाबत प्रशिक्षण देकर रिहर्सल कराया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड देखी। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी/कर्मचारी का टर्न आउट चेक किया। परेड ग्राउण्ड में मौजूद



पुलिस लाइन में अर्दली रूम करते एसपी।

सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये।

उन्होंने परेड ग्राउण्ड में चुनाव दौरान वीवीआईपी/वीआईपी के मद्देनजर सुरक्षा के लिहाज से सम्बन्धित बिन्दुओं व रिंग राउण्ड टीम, रिजर्व पुलिस की ड्यूटी बाबत प्रशिक्षण देकर रिहर्सल कराया। प्रशिक्षण/रिहर्सल बाद पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी/लाइन्स राजकमल, सीओ मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# तीन के कब्जे से दस लीटर महुआ-43 क्वार्टर बरामद


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन के कब्जे से दस लीटर महुआ व 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। शुक्रवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने मनीलाल उर्फ मुन्नीराम पुत्र स्व बिन्दा भंभई के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा इंदल सिंह ने शारदा पुत्र राजाराम टिकरिया जमुनिहाई के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। बाहिलपुरवा थाने के दरोगा सुशीलचन्द्र निगम ने लाला भइया पुत्र बद्री प्रसाद कर्का पड़रिया के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# बोर्ड परीक्षा में सद्गुरू के छात्र रहे अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में सद्गुरू शिक्षा समिति जानकीकुंड से संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट नतीजे आये हैं। 10वीं में 119 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, 77 छात्र प्रथम श्रेणी व 25 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। शुक्रवार को 10वीं में अंशिका केशरवानी पुत्री रामशंकर केशरवानी 95.60 फीसदी, नीलम कुशवाहा पुत्री रामविलास कुशवाहा 95 फीसदी, नमो नारायण पुत्र अरुण कुमार मिश्रा




10वीं व 12वीं में अव्वल आये छात्र।

94 फीसदी अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। खुशबू बानो पुत्री मोहम्मद उस्मान 93.80 फीसदी अंक पाकर चैथे स्थान, श्रेया शुक्ला पुत्री सुशील कुमार शुक्ला 92.60 फीसदी अंक पाकर पांचवे स्थान पर आई। 12वीं में 107 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। 69 प्रथम श्रेणी व 15 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। 12वीं में शिवानी देवी पुत्री मुन्नालाल पटेल 88.80 फीसदी, शालिनी अनुरागी पुत्री मोहनलाल अनुरागी 85.60 फीसदी, अनुज कुमार द्विवेदी पुत्र संतोष द्विवेदी 83.40 फीसदी अंक पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आये। अमन कुमार अनुरागी पुत्र सुनील अनुरागी 82.80 फीसदी, पार्थ शुक्ला पुत्र मदगंजन शुक्ल 82.20 फीसदी अंक लाये। पूजा कुशवाहा पुत्री जय सिंह 82.20 फीसदी अंक पाकर सभी छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया। सद्गुरु शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन व ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, शिक्षकों व अभिभावकों को शुभकामनायें दी हैं।

# विवेचनायें जल्द निपटाकर दिलायें न्याय: सीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने अपराध शाखा कालूपुर में अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रूम किया। शुक्रवार को सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने अर्दली रूम दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं बाबत विस्तार से जानकारी ली। विवेचनाओं को लम्बित रखने के कारण पूंछे। गुण-दोष आधार पर लम्बित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा दिनों तक विवेचनायें अपने पास न रखें। विवेचनाओं



अर्दली रूम करती सीओ।

को जल्द से जल्द निपटाकर अदालत में भेजें, ताकि लोगों को जल्द न्याय मिल सके।

# दस वर्षों से फरार दस हजार का इनामी दबोचा, तमंचा-कारतूस-बाइक बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने दस वर्षों से फरार दस हजार के इनामी अपराधी को तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत नीले रंग की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने दस हजार रुपये के इनामी संजय सिंह उर्फ सुक्खू सिंह पुत्र स्व देवराज सिंह उर्फ चम्बुल सिंह गढचपा थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया है। उसका आपराधिक इतिहास विभिन्न थानों



पुलिस गिरफ्त में फरार अपराधी।

में दर्ज है। उसे मुक्तिधाम हरदौली पुरवा की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने दबोचा है।

चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी। पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि उसने 2014 में गांव के अनुसूचित जाति के व्यक्ति से मारपीट की थी। उसके खिलाफ मामला दर्ज होने पर वह अहमदाबाद भाग गया था। चोरी-छिपे गांव आता था। सुरक्षा के लिहाज से तमंचा रखता है। पुलिस ने मोटरबाइक सीजकर शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मामला दर्जकर उसे जेल भेजा है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही मनोज कुमार व राजमंगल शामिल रहे।

### अमेठी की महिला ने पति के अपहरण का लगाया आरोप

**चित्रकूट।** अमेठी जिले के श्रवणपुर रानी पेट्रोल पम्प के सामने की नीतू सिंह ने कोतवाली कर्वी में दी तहरीर में कहा कि उसके पति आशुतोष सिंह (35) व मित्र के दो बच्चे शाश्वत पाण्डेय (20) व निशान्त पाण्डेय (18) साथ में थे। 25 अप्रैल को जिला खनिज कार्यालय चार लाख की बंधक धनराशि देने गये थे। सवेरे सात बजे अमेठी स्थित घर से दोपहर 12 बजे खनिज कार्यालय पहुंचे थे। पीडिता ने शुक्रवार को तहरीर में बताया कि खनिज कार्यालय से काम निपटाकर जैसे ही कार्यालय से बाहर निकले, नीतीश कुमार मोबाइल नम्बर 6392393706 व अन्य गिरोहबन्द लोगों ने आशुतोष सिंह की गाडी को बंधक बनाकर अपहरण कर ले गये। गाडी पर अन्य लोग भी मौजूद थे। दोपहर बाद से सभी मोबाइल नम्बर के स्वीच आफ बता रहे हैं। पीडिता ने कर्वी कोतवाल से अनुरोध किया कि उसके पति व अन्य दो लोगों को मुक्त कराकर सुरक्षित घर भेजा जाये। इस बाबत सोशल मीडिया सेल ने कहा कि पीडिता ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। शिकायत मिलने पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जायेगी। मीडिया सेल ने बताया कि दोनों पक्ष कौशाम्बी थाने में मौजूद है। मामला रुपयों के लेन-देन का है।

# मतदाता जागरूकता को हो रही विभिन्न प्रतियोगितायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ/नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर लोस चुनाव मतदान तिथि बीस मई को जिले की दोनों विधानसभाओं में ज्यादा से ज्यादा मतदान की गरज से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदाता शिक्षा देने की खातिर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जागरूकता आधारित कार्यक्रम हो रहे हैं।

शुक्रवार को गठित ईएलसी से मतदाता जागरूकता आधारित रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, भाषण, निबंध, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिता से मतदाता जागरूकता किया जा रहा है। छात्र-छात्रायें प्रतियोगिताओं में युवा मतदाताओं समेत भावी मतदाता के अंदर चुनाव



रंगोली प्रतियोगिता से मतदाताओं को जागरूक करती छात्रायें।

की रुचि पैदा करने के साथ अभिभावक व घर-परिवार के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। छात्र-छात्रायें गतिविधियों की चर्चा घरों में करेंगे। परिवार में मत के महत्व को बतायेंगे। मताधिकार का प्रयोग महत्वपूर्ण है, ताकि परिवार के लोग मतदान के प्रति जागरूक हों। वे अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने को बीस मई को अपने-अपने बूथों में जायेंगे। बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र कर मतदाता जागरूकता बाबत नारे लिखे हैं। पिछले तीन दिनों में बजरंग इंटर कालेज सपहा, राजकीय हाईस्कूल मुर्का, शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी, कृषक इंटर कॉलेज भौंरी, राजकीय हाईस्कूल मंडोर, राजकीय हाईस्कूल बियावल, वासुदेव इंटर कॉलेज मानिकपुर, बालिका इंटर कॉलेज मऊ, साहब सिंह इंटर कॉलेज पूरबपताई, राजकीय हाईस्कूल चांदी, राजकीय हाईस्कूल मिर्जापुर आदि विद्यालयों ने हिस्सा लिया।

### तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने नीलू यादव पुत्र मुन्ना यादव उर्फ सुमन कुमार चिल्लीमल के कब्जे से तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही राहुल पुरी व महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# इमरान और उनकी पत्नी पर राजनीतिक भड़काऊ बयान देने पर पाकिस्तान की अदालत ने लगाई रोक



इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर सेना समेत विभिन्न राजकीय संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करने को लेकर बृहस्पतिवार को एक अदालत ने रोक लगा दी है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश बसीर जावेद ने यह भी कहा कि मीडिया को अपनी रिपोर्टिंग अदालत की कार्यवाही तक सीमित रखनी चाहिए और उसे आरोपियों के बयानों की रिपोर्टिंग नहीं करनी चाहिए। आदेश के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के संस्थापक खान ने सेना, न्यायपालिका एवं सेना प्रमुख समेत राजकीय संस्थाओं के विरूद्ध भड़काऊ राजनीतिक बयान दिया था।

अदालती आदेश के अनुसार ऐसे बयानों से न्यायिक अनुशासन बाधित होता है एवं न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। इस आदेश में कहा गया है कि पीटीआई संस्थापक की सुनवाई के दौरान मीडिया आरोपियों के बयानों पर नहीं, बल्कि अदालती कार्यवाही तक अपनी रिपोर्टिंग सीमित रखेगी।अपने आदेश में अदालत ने यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष, आरोपी एवं उनके वकील ऐसा कोई राजनीतिक एवं भड़काऊ बयान नहीं दें जिनसे अदालती अनुशासन बाधित हो। खान ने अडियाला जेल में मीडियाकर्मियों से संवाद के दौरान कहा था, ह्यह्यलोकतंत्र कानून की सर्वोच्चता तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की धुरी पर टिका है लेकिन हमने जो कुछ देखा वह जंगल कानून था। पंजाब के उपचुनावों में पुलिस का दखल बहुत ही चिंताजनक है।

# डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुरू की प्रेसिडेंसियल इम्यूनिटी मामले की सुनवाई



न्यूयार्क। अमेरिका के पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ वांशिगटन स्थित सुप्रीम कोर्ट में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। ज्ञात रहे कि ट्रंप पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं।

उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। ट्रंप ने कहा कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं।

न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।

दोनों ही मामलों से ट्रंप खुद को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह चुनावी दौड़ में एक बार फिर से मजबूती से सामने हैं, लेकिन देश के सुप्रीम कोर्ट के सामने आए मामले के नतीजे भविष्य के राष्ट्रपतियों पर भी प्रभाव डालेंगे।

## हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा



पोर्ट ऑ प्रिंस। हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे कैरेबियाई देश में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

हैती में लंबे समय से विभिन्न गिरोहों के बीच जारी हिंसा के कारण अनिश्चितता का दौर बना हुआ है। जनवरी से मार्च तक हिंसा में 2,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है अथवा घायल हुए हैं।

हेनरी ने 24 अप्रैल को लॉस एंजिल्स में हस्ताक्षरित एक पत्र में अपना इस्तीफा दिया। हेनरी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को उनके इस्तीफे की घोषणा की। साथ ही यह भी बताया गया कि नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल चुनने के लिए एक परिषद का गठन किया गया है। इस बीच हेनरी की शेष कैबिनेट ने अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय मामलों के मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट को अंतरिम प्रधानमंत्री चुना है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ है कि परिषद अंतरिम प्रधानमंत्री कब चुनेगी।

## शी चिनफिंग ने विश्व स्तरीय सैन्य चिकित्सा विश्वविद्यालय के निर्माण पर बल दिया



बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में छोंगछिंग में स्थित आर्मी मेडिकल यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करते समय बल दिया कि हमें युद्ध मैदान, सेना और भविष्य के उन्मुख विश्व स्तरीय सैन्य चिकित्सा विश्वविद्यालय के निर्माण करने की कोशिश करनी चाहिए। बता दें कि आर्मी मेडिकल यूनिवर्सिटी की गौरवपूर्ण परंपरा है। पठारीय सैन्य चिकित्सा, वार सर्जरी, बर्न चिकित्सा उनकी विशेषता और बढ़त है। वर्ष 2017 में पुनर्गठित होने के बाद उसने सैन्य संघर्ष की चिकित्सा गारंटी और कोविड–19 महामारी की रोकथाम समेत कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए हैं। शी चिनफिंग ने इस यूनिवर्सिटी की आम स्थिति और युद्ध मैदान के चिकित्सा बचाव संबंधी प्रमुख विषयों की स्थिति जानी और संबंधित उपकरणों और प्रदर्शन देखा। उन्होंने इस यूनिवर्सिटी के अफसरों और सैनिकों के प्रतिनिधियों से भेंट की और उनके साथ सामूहिक फोटो खिंचवाये। शी चिनफिंग ने बल दिया कि आर्मी मेडिकल यूनिवर्सिटी चिकित्सा वर्ग में उच्च शिक्षा संस्था है और पूरी सेना की चिकित्सा शक्ति व्यवस्था का एक अहम भाग भी है। चिकित्सक अनुसंधान व सृजन को बढ़ाकर सैन्य चिकित्सा की चोटी पर अभियान चलाना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के प्रमुख आरोपित को एनआईए ने किया गिरफ्तार

लंदन। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को ब्रिटेन में 2023 में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मुख्य आरोपित इंदरपाल सिंह गाबा को गिरफ्तार कर लिया है। गाबा साल 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित मामले में आरोपित था।

एनआईए के अनुसार ब्रिटेन के हाउनस्लो निवासी इंदरपाल सिंह गाबा को 19 और 22 मार्च 2023 को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला है कि 19 मार्च और 22 मार्च 2023 को लंदन में हुई घटनाएं एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं जिसमें भारतीय दूतावासों और उसके अधिकारियों पर गंभीर हमला करने की योजना थी। मार्च 2023 में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ की गई पंजाब पुलिस की कार्रवाई की प्रतिक्रिया में था।

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर बीते साल 19 मार्च 2023 को खालिस्तान समर्थक तत्वों ने हमला बोल दिया था। उस दिन खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन से जुड़ा एक प्रदर्शन उच्चायोग के सामने रखा गया था। प्रदर्शन के दौरान लगभग 50 अलगाववादी उच्चायोग परिसर के अंदर घुस गए थे। खालिस्तान समर्थक उपद्रवियों ने भारतीय ध्वज को नीचे खींच लिया था और उच्चायोग की बिल्डिंग में तोड़फोड़ की थी। हमले में अधिकारियों को भी चोट आई थी।

अप्रैल में भारत के गृह मंत्रालय की ब्रिटेन के गृह विभाग के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद एनआईए ने मामले की जांच दिल्ली पुलिस से अपने हाथ में ले ली। जांच के लिए एनआईए की टीम ब्रिटेन पहुंची थी, जहां उसने प्रदर्शन और हिंसक हमले से जुड़े वीडियो हासिल किए थे। हमले का मास्टरमाइंड आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के स्वयंभू प्रमुख अवतार सिंह खांडा को हमले का मास्टरमाइंड बताया गया था, जिसकी कुछ हफ्ते बाद बर्मिंघम के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

# यूरोपीय संघ चीनी कंपनियों के लिए निष्पक्ष माहौल प्रदान करे : चीन

बीजिंग। यूरोपीय आयोग ने कंपनियों के कथित तौर पर विदेशी सब्सिडी स्वीकार करने के बहाने से यूरोप में चीनी–वित्त पोषित कंपनियों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

इसके बारे में चीनी वाणिज्य मंत्रालय के संबंधित प्रभारी व्यक्ति ने यूरोपीय पक्ष से अपनी गलत कार्रवाई को तुरंत बंद करने और सुधारने, सभी देशों की कंपनियों को यूरोप में निवेश और संचालन के लिए खुला, निष्पक्ष, न्यायसंगत और गैर–भेदभावपूर्ण वातावरण प्रदान करने का आग्रह किया।

चीनी वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह इस वर्ष फरवरी के बाद से यूरोपीय पक्ष द्वारा शुरू की गई 5वीं सब्सिडी जांच है, जिनमें चीनी कंपनियों को निशाना बनाने की कोशिश की गयी है। इसके साथ ही यह पहली ऑन–साइट जांच भी है। चीनी उद्योग जगत इससे हैरान और बेहद असंतुष्ट है।

चीन का आरोप है कि यूरोपीय आयोग ने मामला दायर करने की कोई पूर्व सूचना दिए बगैर सीधे तौर पर चीनी कंपनी के कार्यालय की जांच की और कंपनी के संचालन उपकरण जब्त कर लिए। संबंधित कार्रवाई ने उचित प्रक्रिया के सिद्धांत का उल्लंघन ही नहीं, बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सामान्य क्रम को भी बाधित किया है। इस कार्रवाई से यूरोप में काम करने वाली विदेशी कंपनियों को एक गलत संकेत मिला है। इस पर चीन गंभीर चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

# एशियाई फिल्म आदान–प्रदान और सहयोग के नए अवसरों की खोज करें




बीजिंग। फिल्में किसी देश और उसकी क्षेत्रीय संस्कृति को समझने के सबसे सहज तरीकों में से एक होती है। यह चीन और दूसरे देशों के बीच दोस्ती कायम करने और दोस्ती मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण तरीका है।

हाल ही में आयोजित 14वें पेइचिंग अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विशेष तौर पर ऱ्वैश्विक दृष्टि:रेशम मार्ग से एशिया कनेक्शनऱ इकाई लांच की गई। इस दौरान, दुनिया भर से आए फिल्म प्रेमियों के लिए ऱबेल्ट एंड रोडऱ से जुड़े एशियाई देशों की शानदार फिल्में प्रदर्शित की गईं।

इसने वर्तमान एशिया में रेशम मार्ग से जुड़े देशों के बीच फिल्म उद्योग के नए विकास और फिल्म निर्माण में नई शक्ति दिखाई, और विभिन्न एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान और सहयोग के नए अवसरों की खोज की। मौजूदा पेइचिंग अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की मुख्य प्रतियोगिता इकाई के रूप में ऱथ्येनथान पुरस्कारऱ के लिए 118 देशों और क्षेत्रों से कुल 1,509 फिल्म प्रविष्टियां प्राप्त हुईं हैं, जिनमें 1,318 विदेशी फिल्में भी शामिल हैं।

पुरस्कारों के नतीजे 26 अप्रैल को फिल्म महोत्सव के समापन समारोह और पुरस्कार समारोह में घोषित किए जाएंगे। इस दौरान चीन स्थित जापानी राजदूत केन्जी कनासुगी ने कहा कि पेइचिंग अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की मेजबानी से न केवल जापानी और चीनी लोगों के बीच आदान–प्रदान बढ़ेगा, बल्कि दोनों देशों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने में भी इससे मदद मिलेगी।

## नेपाल : ईंट भट्ठे में लोगों को जिन्दा जलाने के दोषी पूर्व मंत्री आफताब आलम को आजीवन कारावास

काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री रहे आफताब आलम को रौतहट जिला अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के 16 साल बाद सजा की घोषणा हुई है।

रौतहट जिले के बाहुबली नेता और नेपाल सरकार में श्रम मंत्री रहे आफताब आलम को पहले संविधान सभा चुनाव के दौरान कई लोगों को जिन्दा भट्ठी में झोंकने के मामले में दोषी पाया गया है। साल 2008 में हुए पहले संविधान सभा के दौरान रौतहट से नेपाली कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे आलम ने बूथ कब्जा कर चुनाव जीतने के लिए सीमावर्ती बिहार के कुछ अपराधियों को बुलाकर उनसे बम बनवा रहा था। बम बनाने के दौरान उसके घर में धमाका हो गया और बम बनाने वाले सभी बुरी तरह घायल हो गए। घटना को छिपाने के लिए सभी घायलों का इलाज कराने की बजाय उन सभी को अपने ईंट भट्ठे में ले जाकर जिन्दा झोंक कर उनकी हत्या कर दी थी।

मरने वालों में दो ही नेपाली नागरिक थे। बाकी सभी बिहार के रहने वाले थे। लापता नेपाली लोगों के घर वालों की शिकायत के बाद पुलिस ने घटना के 12 साल के बाद आफताब आलम को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से वह लगातार जेल में है। आलम की गिरफ्तारी के चार साल सुनवाई के बाद जिला अदालत से मामले का फैसला आया है।

रौतहट जिला के न्यायाधीश मातृका प्रसाद आचार्य ने इस मामले में आफताब आलम समेत चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में आफताब आलम का भाई महताब आलम, शेख सराज और बद्री सहनी है। सहनी उस ईंट भट्ठे का मुंशी रह चुका है। इस मामले में आफताब के परिवार के 6 लोग अभी भी फरार बताए जा रहे हैं।

अदालत ने कहा कि जब भी उनलोगों की गिरफ्तारी होगी उसी समय से मुकदमे की सजा सुनाई जाएगी। अदालत के फैसले में ईंट भट्ठे में मारे गए दो नेपाली नागरिक त्रिलोक प्रताप सिंह और ओसी अख्तर मियां के मामले में सजा की बात उल्लेख है। इस क्रम में मारे गए करीब आधा दर्जन अन्य लोग जो बिहार के थे, उनकी तरफ से अब तक न तो पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है न ही मुकदमे के लिए अनुरोध किया गया है। इसलिए उस पर अदालत ने फिलहाल कुछ नहीं कहा है। इस घटना के बाद भी आफताब आलम दो बार सांसद और एक बार मंत्री बन चुका है।

## चीन ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बहुपक्षवाद के लिए संयुक्त रूप से योगदान देने का आह्वान किया




बीजिंग। संयुक्त राष्ट्र में चीन के उप स्थायी प्रतिनिधि केंग श्वांग ने कहा कि इस साल और अगले साल, संयुक्त राष्ट्र भविष्य में शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा और अपनी 80वीं वर्षगांठ मनाएगा।

हर देश को इस अवसर का उपयोग कर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले और अधिक एकजुट होने के लिए बढ़ावा देने, राजनयिक अवधारणाओं और अभ्यासों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने और बहुपक्षवाद के लिए संयुक्त रूप से योगदान करने के लिए करना चाहिए।

केंग श्वांग ने ऱशांति के लिए बहुपक्षवाद और कूटनीति के अंतर्राष्ट्रीय दिवसऱ के स्मरणोत्सव में कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर की प्रतिष्ठा की दृढ़ता से सुरक्षा की जानी चाहिए। चीन संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और बहुपक्षवाद में सभी पक्षों के विश्वास को पुनर्जीवित करने के लिए इस साल सितंबर में भावी शिखर सम्मेलन की प्रतीक्षा कर रहा है।